website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. No. RAJHIN/2012/48736

# दैनिक रॉयल पत्रिका

वर्ष : 14 | अंक : 77 | पेज: 8 | जयपुर, गुरुवार 26 फरवरी 2026 | मूल्य: 1.50 रुपये

## नक्सलियों के गढ़ में एजुकेशन सिटी, लड़कियों को 1.5 लाख रुपए

● छत्तीसगढ़ बजट की बड़ी बातें, किसानों को मिलेगा ब्याज मुक्त कर्ज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ सरकार में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए विधानसभा में बजट पेश किया है। इस बार छत्तीसगढ़ के लिए 1 लाख 72 हजार करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बजट में किसानों को ब्याज मुक्त कर्ज देने की घोषणा की। इस बजट में लड़कियों के 18 साल पूरे होने पर डेढ़ लाख रुपये देने का प्रावधान भी रखा गया है। छत्तीसगढ़ सरकार बस्तर में एजुकेशन सिटी बनाने के लिए तैयार है। इसके लिए 100 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। छत्तीसगढ़ के बजट की



थीम संकल्प है। वित्त मंत्री ने बजट पेश करने के दौरान इसके सभी अक्षरों का मतलब भी सदन को समझाया। छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने राज्य विधानसभा में 2026-27 के लिए 1.72 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया। बजट में पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट के लिए 9,450 करोड़ रुपये, वॉटर रिसोर्स डिपार्टमेंट के लिए 3,500 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। बस्तर में इंद्रावती नदी पर मतनार और देउरगांव बैराज बनाने के लिए बजट में 2,024 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। ये जगह कभी नक्सलियों का गढ़ कही जाती थी। बस्तर इलाके के अबूझमाड़ और जगरगुंडा में एजुकेशन सिटी बनाने के लिए 100 करोड़ रुपये दिए गए। बस्तर और सरगुजा ओलंपिक इवेंट्स के लिए 10 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

## जल्द सुलझ जाएगा असम अरुणाचल सीमा विवाद

● उठाया गया बड़ा कदम, दोनों राज्यों के बीच पहला सीमा स्तंभ स्थापित

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोमवार को असम और अरुणाचल प्रदेश के बीच पहले सीमा स्तंभ (पिलर) की स्थापना को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। हिमंत ने कहा कि स्पष्ट सीमाएं तेज विकास, बेहतर कानून-व्यवस्था और दोनों राज्यों के बीच बेहतर समन्वय का मार्ग प्रशस्त करेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि असम सभी अंतर-राज्यीय मुद्दों



को सौहार्द्रपूर्ण ढंग से हल करने के लिए प्रतिबद्ध है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा नेएक्स पर पोस्ट में कहा कि नामसाई घोषणा पर हस्ताक्षर के बाद अरुणाचल प्रदेश के पक्के केसांग जिले में पहला सीमा स्तंभ स्थापित किया गया है। यह दोनों राज्यों के बीच लंबित विवादों को संवाद और सहयोग के माध्यम से हल करने की साझा प्रतिबद्धता दर्शाता है। सीमा स्तंभ की स्थापना असम और अरुणाचल प्रदेश के बीच सहयोग और विश्वास का प्रतीक है। यह कदम उन सीमावर्ती गांवों में स्थायी शांति और प्रशासनिक निश्चितता लाएगा, जो कई दशकों से अस्पष्टता से प्रभावित थे। इससे पहले असम और अरुणाचल ने नामसाई घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए थे। हिमंत ने कहा कि इस समझौते में स्थानीय समुदायों की भलाई को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व को सहकारी संघवाद को प्रोत्साहित करने और पूर्वोत्तर राज्यों के बीच एकता को बढ़ावा देने के लिए श्रेय दिया।

## इजरायल के राष्ट्रपति आइजैक हर्जोग बोले– 'पीएम मोदी का स्वागत करने को तैयार इजरायल'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इजरायल के राष्ट्रपति आइजैक हर्जोग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो दिवसीय दौरे को लेकर खुशी जताते हुए कहा कि उनका देश प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करने के लिए उत्सुक है। एक्स पर किए गए एक पोस्ट में हर्जोग ने कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, इजरायल और यहां के लोग आपका स्वागत करने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।"

**पीएम मोदी के बयान के जवाब में आया राष्ट्रपति का संदेश**

हर्जोग का यह बयान प्रधानमंत्री मोदी के इजरायल रवाना होने से पहले दिए गए बयान के जवाब में आया है। पीएम मोदी ने कहा था कि वह अपने इजरायली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू के साथ मुलाकात को लेकर उत्साहित हैं। इस मुलाकात का उद्देश्य दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करना तथा क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करना है।

**2017 के बाद पीएम मोदी की दूसरी इजरायल यात्रा**

साल 2017 के दौरे के बाद यह प्रधानमंत्री मोदी की दूसरी इजरायल यात्रा है। 2017 की यात्रा के दौरान रक्षा, कृषि और जल प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नए रास्ते खुले थे। अपने



प्रस्थान वक्तव्य में पीएम मोदी ने कहा कि वह प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के निमंत्रण पर 25-26 फरवरी को इजरायल की राजकीय यात्रा पर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत और इजरायल के बीच मजबूत और बहुआयामी रणनीतिक साझेदारी है, जिसमें हाल के वर्षों में तेज प्रगति हुई है।

**क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी होगी चर्चा**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नेतन्याहू के साथ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, नवाचार, कृषि, जल प्रबंधन, तकनीक, रक्षा एवं सुरक्षा, व्यापार और निवेश समेत कई क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। इसके साथ ही दोनों नेता आपसी हितों से जुड़े क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान करेंगे।

**पीएम मोदी इजरायली राष्ट्रपति से भी करेंगे मुलाकात**

प्रधानमंत्री मोदी अपने दौरे के दौरान इजरायल के राष्ट्रपति से मुलाकात करेंगे और इजरायली संसद 'नेसेट' को भी संबोधित करेंगे। पीएम मोदी ने एक्स पर बताया कि वह बुधवार शाम नेसेट को संबोधित करेंगे, जो दोनों देशों के मजबूत संसदीय और लोकतांत्रिक संबंधों को समर्पित होगा।

## आरक्षण 200 साल भी देना पड़े तो सही

● संघ प्रमुख मोहन भागवत बोले-समाज को इसके लिए तैयार रहना चाहिए ● भागवत बोले-ऐसे लोगों को बराबरी का हक दिलाने के लिए सब है जायज ● कहा-उन्होंने दो हजार सालों तक भेदभाव सहा, फिर भी देश के साथ गद्दारी नहीं की



**देहरादून (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि हिंदू समाज के एक हिस्से ने करीब दो हजार साल तक छुआछूत और भेदभाव सहा, लेकिन फिर भी उसने देश के साथ कभी विश्वासघात नहीं किया। उन्होंने कहा, ऐसे लोगों को बराबरी का हक दिलाने के लिए अगर दो सौ साल तक भी आरक्षण देना पड़े, तो समाज को इसके लिए तैयार रहना चाहिए। अगर अपने ही भाइयों को आगे बढ़ाने के लिए हमें कुछ नुकसान भी सहना पड़े, तो भी हमें पीछे नहीं हटना चाहिए। आरएसएस प्रमुख सोमवार को उत्तराखंड के देहरादून में हिमालयन कल्चरल सेंटर में आयोजित 'प्रमुखजन गोष्ठी' में पूर्व सैनिकों और अधिकारियों के साथ संवाद कर रहे थे।

**कई राजनीतिक दल अपने मूल मार्ग से भटक गए**– स्वतंत्रता के बाद कई राजनीतिक दल अपने मूल मार्ग से भटक गए। समाज की एकता ही व्यक्तियों और नेतृत्व को शक्ति देती है; समाज कमजोर होगा तो नेतृत्व प्रभावी नहीं रह सकता। सामाजिक शक्ति ही व्यक्तियों और नेतृत्व को बल देती है। यदि समाज में भेदभाव और विभाजन रहेगा तो राष्ट्र की शक्ति कमजोर होगी।

● **भारत में रहने वाले सभी लोगों के पूर्वज एक हैं** – इस दौरान भागवत ने कहा कि भारत में रहने वाले सभी लोगों के पूर्वज एक हैं और उनकी रगों में एक ही खून बहता है। हिंदू बनने के लिए कुछ छोड़ना नहीं पड़ता, देश के प्रति निष्ठा ही पर्याप्त है और आज जिनका विरोध है, उन्हें भी कल जोड़ना है। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए मजबूत नेतृत्व, उच्च सैन्य तैयारी और निरंतर प्रशिक्षण अनिवार्य हैं। अग्निवीर योजना एक प्रयोग है। अनुभवों के आधार पर इसकी समीक्षा की जानी चाहिए और आवश्यकता हो तो सुधार एवं परिमार्जन पर विचार किया जाना चाहिए, ताकि सेना की क्षमता, अनुशासन और दीर्घकालिक मजबूती बनी रहे। राष्ट्र के भाग्य निर्माण में समाज की केंद्रीय भूमिका होती है। समाज मजबूत और संगठित होगा तो राष्ट्र की रक्षा भी सशक्त होगी।

## देश की संसद में मुझे चीनी घुसपैठ पर बोलने से रोका

● राहुल बोले-लोकसभा में जनरल नरवणे की बात उठाई थी

**भोपाल (एजेंसी)।** भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील के विरोध में मंगलवार को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के जवाहर चौक पर कांग्रेस ने किसान महाचौपाल बुलाई।



नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सभा को संबोधित किया। राहुल ने कहा कि हिंदुस्तान के इतिहास में पहली बार लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को बोलने नहीं दिया गया। वे चीनी घुसपैठ के मुद्दे पर बात रखना चाहते थे। राहुल ने कहा- मैंने लोकसभा में पूर्व आर्मी चीफ नरवणे की बात रखी थी, उन्होंने अपनी किताब में लिखा है कि जब चीनी घुसपैठ हुई थी तो उन्हें हिंदुस्तान की सरकार ने अकेला छोड़ दिया। राहुल गांधी ने कहा कि अमेरिका के साथ की गई ट्रेड डील में प्रधानमंत्री ने देश को बेच दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस समझौते से देश का डेटा सौंपा गया, किसानों, टेक्सटाइल उद्योग और रोजगार को नुकसान पहुंचाया गया, जो शर्म की बात है। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि अमेरिका में अडानी से जुड़े मामलों को लेकर प्रधानमंत्री चिंतित हैं और 14 महीनों से कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

● **राहुल बोले- कांग्रेस डटकर खड़ी रहेगी, पीछे नहीं हटेगी**- लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि अमेरिका के साथ की गई ट्रेड डील में प्रधानमंत्री ने देश को बेच दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस समझौते से देश का डेटा सौंपा गया, किसानों, टेक्सटाइल उद्योग और रोजगार को नुकसान पहुंचाया गया, जो शर्म की बात है। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि अडानी से जुड़े मामलों से मोदी डर गए हैं।

## सीएम योगी को मिल गई बड़ी सफलता

● जेवर एयरपोर्ट को मिले 4458 करोड़ के दो प्रोजेक्ट

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सिंगापुर दौरे के दूसरे दिन इन्वेस्ट यूपी और सिंगापुर कोऑपरेशन एंटरप्राइज (एससीई) के बीच महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता उत्तर प्रदेश में संस्थागत क्षमता और नीतिगत ढांचे को सुदृढ़ बनाने के लिए किया गया है। साथ ही इकोसिस्टम के विकास के लिए दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी स्थापित करने की दिशा में कदम उठाया गया है। समझौते के अनुसार, दोनों पक्ष न सिर्फ स्टडी विजिट्स व लीडरशिप डेलिगेशन का आयोजन करेंगे, बल्कि ट्रेनिंग व कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रमों का खाका तैयार कर उसे लागू भी कराएंगे।



● **जेवर एयरपोर्ट बनेगा नॉर्थ इंडिया का कार्गो हब**- एमओयू के अनुसार, एआई सैट्स जेवर एयरपोर्ट परिसर में एक अत्याधुनिक कार्गो कैंपस का निर्माण करेगी। यह कार्गो कैंपस न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि पूरे उत्तर भारत के लिए एयर फ्रेट और लॉजिस्टिक्स का प्रमुख केंद्र बनेगा। इस परियोजना से निर्यात-आयात गतिविधियों को गति मिलेगी, विशेषकर इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा, कृषि उत्पाद जैसे क्षेत्रों को बड़ा लाभ होगा। एमओयू के दूसरे प्रमुख निवेश के तहत नोएडा का एयर कैटरिंग किचेन शामिल है।

## पंडित धीरेंद्र शास्त्री के चार बच्चे वाले बयान पर सियासत, कांग्रेस का हमला

जयपुर। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री द्वारा हिंदुओं से चार बच्चे पैदा करने की अपील और अजमेर दरगाह पर चादर नहीं चढ़ाने के आग्रह को लेकर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। इस मुद्दे पर राजस्थान कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस विधायक रामकेश ने धीरेंद्र शास्त्री की बयानबाजी को कुत्सित मानसिकता का परिचायक बताया और कहा कि वे बीजेपी के इशारे पर उसकी भाषा बोल रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी कथावाचकों को फंडिंग करती है।

**बीजेपी बाबाओं को चलाने का काम करती है- विधायक**

विधायक रामकेश ने कहा कि बीजेपी बाबाओं को चलाने और आगे बढ़ाने का काम करती है। उन्होंने सवाल उठाया कि धीरेंद्र शास्त्री सहित अन्य कथावाचकों के पास इतना पैसा कहां से आता है और इसकी जांच होनी चाहिए। उनका कहना है कि जांच होने पर यह साफ हो जाएगा कि उन्हें बीजेपी से ही फंड मिलता है, इसलिए वे इस तरह की बयानबाजी करते हैं।

**धीरेंद्र शास्त्री के बयान की निंदा**



कांग्रेस विधायक ने कहा कि वह धीरेंद्र शास्त्री के बयान की निंदा करते हैं और उन्हें देश और विकास से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार जनसंख्या नियंत्रण के लिए काम करती है और लोगों को जागरूक करने पर अरबों रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन चार बच्चे पैदा करने की अपील करके देश को पीछे ले जाने की कोशिश की जा रही है।

**धीरेंद्र शास्त्री पर बोला तीखा हमला**

रामकेश ने धीरेंद्र शास्त्री पर आरोप लगाया कि वे समाज में दरार पैदा कर रहे हैं और हिंदू-मुस्लिम के बीच तनाव बढ़ाकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश हो रही है। उन्होंने कहा कि धीरेंद्र शास्त्री को समझना चाहिए कि जब तक वे बीजेपी की भाषा बोलेंगे, तब तक ही उन्हें बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि जिस दिन वे शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद की तरह सच बोलने और लोगों को जागरूक करने का प्रयास करेंगे, उस दिन उन्हें भी जेल में डाल दिया जाएगा। विधायक ने कहा कि हिंदुओं से चार बच्चे पैदा करने की अपील के कारण ही यह विवाद खड़ा हुआ है।

## ट्रंप ने पहले साल की उपलब्धियां गिनाईं, बोले– 'यह अमेरिका का स्वर्णकाल'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका में मध्यावधि चुनाव से पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार रात स्टेट ऑफ द यूनियन को संबोधित करते हुए अपने शासन के पहले साल की उपलब्धियां गिनाईं और आने वाली नीतियों व योजनाओं का खाका पेश किया। ट्रंप ने अपने संबोधन में कहा, "यह अमेरिका का स्वर्णकाल है। इससे पहले देश इतना बेहतर कभी नहीं रहा।" उन्होंने दावा किया कि उनकी नीतियों से देश में बड़े बदलाव हुए हैं और यह बदलाव लंबे समय तक प्रभावी रहेगा। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अमेरिका की स्वतंत्रता के 250 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं और दुनिया में अमेरिका जैसा कोई देश नहीं है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने सीमाओं को सुरक्षित किया है और अवैध घुसपैठ पर रोक लगाई है। भाषण के दौरान डेमोक्रेट सांसदों ने विरोध जताते हुए सदन से वॉकआउट किया, जबकि रिपब्लिकन सांसदों ने इसके जवाब में नारेबाजी की। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल का पहला आधिकारिक स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन अमेरिकी कैपिटल के हाउस चैंबर में दिया। उन्होंने कहा कि अमेरिका में अपराध दर कम हुई है और एक साल में देश में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। ट्रंप ने दावा किया कि महंगाई पर नियंत्रण पाया गया है, लोगों की आय बढ़ी है और अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है।



उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका के दुश्मन घबराए हुए हैं और पिछले नौ महीनों में अवैध घुसपैठ की एक भी घटना सामने नहीं आई। ट्रंप ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें खराब अर्थव्यवस्था विरासत में मिली थी, लेकिन उनकी सरकार ने महंगाई को कम किया है और यह पिछले पांच वर्षों में सबसे कम स्तर पर है। उन्होंने बताया कि खतरनाक फेंटानिल ड्रग की तस्करी में 56 प्रतिशत की कमी आई है और हत्या दर भी ऐतिहासिक रूप से घटी है, जो 125 वर्षों में सबसे कम बताई जा रही है। ट्रंप ने कहा कि गैसोलीन की कीमतों में भारी गिरावट आई है और कई राज्यों में यह 2.30 डॉलर प्रति गैलन से भी कम है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मॉर्गेज दरें भी काफी कम हो गई हैं। अपने संबोधन की शुरुआत में ट्रंप ने कहा कि एक साल के भीतर उनकी सरकार ने ऐसा बदलाव किया है जो पहले कभी नहीं देखा गया और यह बदलाव सदियों तक याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका अब उस दौर में कभी वापस नहीं जाएगा जहां वह पहले था।


## नशे के नेटवर्क पर MCOCA का शिकंजा:

## CM फडणवीस बोले- कूरियर से सप्लाई करने वालों पर भी कार्रवाई

मुंबई। महाराष्ट्र में बढ़ते नशीले पदार्थों के संगठित नेटवर्क पर रोक लगाने के लिए सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में कहा कि मादक पदार्थों से जुड़े संगठित अपराधों को अब महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गनाइज्ड क्राइम एक्ट (मकोका) के दायरे में लाया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि नशीले पदार्थों की सप्लाई कूरियर सेवा के जरिए होती पाई गई तो संबंधित कूरियर कंपनियों को भी सह-आरोपी बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब तक इन मामलों में मुख्य रूप से एनडीपीएस अधिनियम के तहत कार्रवाई होती थी, लेकिन जमानत मिलने के बाद कई आरोपी दोबारा अपराध में शामिल हो जाते थे। इसी वजह से मकोका लागू करने का फैसला लिया गया है। मकोका के तहत आरोपियों की संपत्ति जब्त करने का भी प्रावधान है, जिससे संगठित अपराध के आर्थिक नेटवर्क को कमजोर किया जा सके।

**2026 में अब तक 7.93 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त**

विधानसभा में दिए गए लिखित जवाब के अनुसार जनवरी 2026 से 11 फरवरी



2026 के बीच मुंबई पुलिस ने 93 मामले दर्ज किए और 112 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस दौरान 7.93 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए गए। वर्ष 2025 में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने 523.17 करोड़ रुपये मूल्य के जब्त मादक पदार्थ नष्ट किए। इसी साल नशे के सेवन से जुड़े 13,954 मामलों में 10,686 आरोपी गिरफ्तार किए गए, जबकि तस्करी और भंडारण से जुड़े 3,569 मामलों में 5,307 लोगों को पकड़ा गया।

**इंस्टाग्राम से चल रहा है अवैध कारोबार**

मुख्यमंत्री ने बताया कि नशीले पदार्थों का अवैध कारोबार सोशल मीडिया, खासतौर पर इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म के जरिए संचालित किया जा रहा है। इसे रोकने के लिए साइबर निगरानी तंत्र को मजबूत किया जा रहा है। मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर और रायगढ़ जिलों में कार्रवाई तेज कर दी गई है।

**पुलिसकर्मियों पर भी हुई कार्रवाई**

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि इस अवैध कारोबार में शामिल पाए गए कुछ पुलिसकर्मियों के खिलाफ सेवा समाप्ति की कार्रवाई भी की गई है। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों का खतरा युवा पीढ़ी के लिए गंभीर चुनौती है और इसके खिलाफ सरकार किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं बरतेगी।

# रॉयल पत्रिका

## संपादकीय....

### 8 बुनियादी क्षेत्रों की रफ्तार घटी, बढ़ सकती है महंगाई, 26 फरवरी 2026

देश के आठ प्रमुख बुनियादी क्षेत्रों की उत्पादन वृद्धि दर पिछले माह जनवरी में गिरकर चार फीसद पर आ गई, जो समूची अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत नहीं है।

इन क्षेत्रों का देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक और सकल घरेलू उत्पाद में महत्त्वपूर्ण योगदान है, इसलिए इनकी उत्पादन गति धीमी होने से देश की आर्थिक वृद्धि प्रभावित होती है।

इन क्षेत्रों से जुड़े उद्योगों को देश की अर्थव्यवस्था का स्तंभ माना जाता है, जो बुनियादी ढांचे के विकास, रोजगार सृजन और समग्र औद्योगिक वृद्धि को गति देते हैं।

पिछले दिनों सरकार की ओर से जारी आंकड़ों ने यह स्पष्ट कर दिया था इस वर्ष की शुरुआत थोक और खुदरा महंगाई में बढ़ोतरी के साथ हुई है। अब बुनियादी क्षेत्रों की वृद्धि दर में गिरावट यह दर्शाती है कि देश की अर्थव्यवस्था को कई मोर्चे पर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि वस्तुओं के उत्पादन में कमी से मांग और आपूर्ति के बीच पैदा होने वाले अंतर की वजह से महंगाई के और बढ़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

गौरतलब है कि देश के आठ प्रमुख बुनियादी क्षेत्र- कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में लगभग चालीस फीसद की हिस्सेदारी रखते हैं।

ऐसे में इन क्षेत्रों की वृद्धि दर में गिरावट का समग्र अर्थव्यवस्था पर क्या असर पड़ सकता है, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।

सरकार की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी 2025 में बुनियादी क्षेत्रों की वृद्धि दर 5.1 फीसद और दिसंबर में 4.7 फीसद थी।


मगर, इस साल जनवरी में कच्चा तेल एवं प्राकृतिक गैस तथा कोयला एवं सीमेंट क्षेत्र के उत्पादन में गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि, उर्वरक, इस्पात और बिजली उत्पादन में थोड़ी वृद्धि ने स्थिति को और कमजोर होने से रोका है।

यह विचित्र बात है कि एक ओर निर्यात के जरिए अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के दावे किए जाते हैं, तो दूसरी तरफ बुनियादी क्षेत्रों में उत्पादन की गति धीमी पड़ती जा रही है।

सरकार को चाहिए कि इन क्षेत्रों में चुनौतियों से निपटने के लिए कारगर कदम उठाए जाएं।

# रिसर्च का चौंकाने वाला दावा: हमारे 80% विचार 'मूक' होते हैं, शब्द तो बस एक छोटा सा हिस्सा हैं

## - दिमाग में विचार आने से 4 सेकंड पहले ही अवचेतन मन (Subconscious) ले चुका होता है फैसला; तस्वीरें और संवेदनाएं बनती हैं सोच का आधार




जयपुर | रॉयल पत्रिका डेस्क

क्या आपने कभी गौर किया है कि जब आप गहराई से कुछ सोच रहे होते हैं, तो आपके दिमाग के भीतर असल में क्या चल रहा होता है? क्या वह कोई भाषा है, कोई आवाज है या सिर्फ कुछ धुंधली तस्वीरें? हाल ही में अमेरिका के प्रसिद्ध लेखक माइकल पोलन और मनोवैज्ञानिक रसेल हर्लबर्ट की रिसर्च ने इंसानी सोच को लेकर सदियों पुरानी धारणाओं को बदल कर रख दिया है। शोध का सबसे हैरान करने वाला नतीजा यह है कि हमारे 80 फीसदी विचार बिना किसी भाषा या शब्द के पैदा होते हैं। शब्दों से पहले जन्म लेती हैं तस्वीरें आम तौर पर हम मानते हैं कि हमारा अंतर्मन शब्दों या वाक्यों में बात करता है, लेकिन 'डिस्क्रिप्टिव एक्सपीरियंस सैंपलिंग' (DES) तकनीक के जरिए की गई रिसर्च बताती है कि विचार 'प्री-वर्बल' यानी शब्दों के आने से पहले की स्थिति में होते हैं। ब्रिटिश कोलंबिया यूनिवर्सिटी की मनोवैज्ञानिक कलिना क्रिस्टोफ ने 'न्यूरो-फिनोमेनोलॉजी' के जरिए खुलासा किया है कि हमारे सचेत होने से करीब 4 सेकंड पहले ही दिमाग के 'हिप्पोकैम्पस' हिस्से में गतिविधि शुरू हो जाती है। यानी, जब तक आप किसी विचार को शब्दों में ढालते हैं, आपका दिमाग उस पर फैसला बहुत पहले ही ले चुका होता है। बीपर प्रयोग: जब अचानक पकड़ी गई सोच की रफ्तार मनोवैज्ञानिक रसेल हर्लबर्ट पिछले 50 सालों से अवचेतन की परतों को खोलने में जुटे हैं। उनके नवीनतम प्रयोग में माइकल पोलन को शामिल किया गया। पोलन के कान में एक 'बीपर' लगाया गया, जो दिन भर में किसी भी अनिश्चित समय पर बजता था। नियम यह था कि जैसे ही बीप सुनाई दे, पोलन को तुरंत डायरी में लिखना था कि ठीक उस माइक्रो-सेकंड में उनके मन में क्या चल रहा था। नतीजे चौंकाने वाले थे। पोलन ने पाया कि ज्यादातर समय उनके मन में कोई स्पष्ट वाक्य नहीं था, बल्कि कुछ अनकही संवेदनाएं, धुंधली तस्वीरें और अहसास तैर रहे थे। इसे विशेषज्ञों ने 'अनसिम्बलाइज्ड थिंकिंग' (Unsymbolized Thinking) का नाम दिया है। सोच का गणित: सिर्फ 25% लोग ही शब्दों में सोचते हैं हर्लबर्ट के शोध के आंकड़े बताते हैं कि हर इंसान के सोचने का तरीका अलग होता है: 25% लोग: दुनिया में केवल एक चौथाई लोग ही ऐसे हैं, जिनकी सोच हर समय स्पष्ट शब्दों और वाक्यों में चलती है। 20% विचार: लगभग पांचवे हिस्से के विचार ऐसे होते हैं जिनमें न कोई तस्वीर होती है और न ही कोई शब्द। यह केवल एक 'जान लेने' का गहरा अहसास होता है। बाकी हिस्सा: अन्य लोगों की सोच संवेदनाओं, स्मृतियों और अमूर्त चित्रों (Abstract Images) के मेल से बनती है। डे-ड्रीमिंग: खाली बैठा दिमाग सबसे ज्यादा सक्रिय क्या आपको लगता है कि खाली बैठकर दीवार को घूरना समय की बर्बादी है? विज्ञान इससे असहमत है। रिसर्च के अनुसार, हमारा 30 से 50 फीसदी समय 'डे-ड्रीमिंग' या मन के भटकने में बीतता है। जब हम 'कुछ नहीं' कर रहे होते हैं, तब हमारा दिमाग सबसे महत्वपूर्ण बदलावों और रचनात्मक खोजों की तैयारी कर रहा होता है। इतिहास गवाह है कि चार्ल्स डार्विन और अल्बर्ट आइंस्टीन जैसे महान वैज्ञानिक घंटों तक अकेले टहलने और 'कुछ न करने' के लिए जाने जाते थे। पैदल चलने और खाली बैठने के इसी समय में उनका अवचेतन मन जटिल गुत्थियों को सुलझाकर नए रचनात्मक विचार बुनता था। जिसे हम 'मन का भटकना' कहते हैं, वह असल में दिमाग का 'री-ऑर्गेनाइजेशन' मोड है। निष्कर्ष: हम खुद से भी ज्यादा अनजान हैं यह रिसर्च साबित करती है कि हमारा मस्तिष्क एक विशाल हिमखंड (Iceberg) की तरह है, जिसका ऊपरी छोटा हिस्सा 'चेतन मन' है और विशाल गहरा हिस्सा 'अवचेतन' है। हमारे विचार अक्सर धुंधली तस्वीरों और संवेदनाओं के रूप में तैरते रहते हैं, और शब्द तो केवल उस गहरे समुद्र की लहरों पर उठने वाले झाग मात्र हैं।

## तकनीक

आशुतोष कुमार सिंह



# टेक्नोलॉजी से पोषण तकः बदल रही राशन वितरण की व्यवस्था

मिशन पोषण 2.0 के अंतर्गत लागू पोषण ट्रैकर आज दुनिया की सबसे बड़ी सरकारी वित्तपोषित पोषण निगरानी प्रणालियों में शामिल है। यह आंगनबाड़ी सेवाओं को अधिक पारदर्शी, सरल और जवाबदेह बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। पोषण ट्रैकर सिर्फ एक ऐप नहीं, बल्कि ऐसा डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है, जिसने पहली बार महिलाओं और बच्चों से जुड़ी पोषण जानकारी को वास्तविक समय में दर्ज और समझना संभव बनाया है। आज यह 14 लाख से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों को जोड़ता है और छोटे बच्चों की लम्बाई, वजन, कुपोषण के संकेत, साथ ही गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं की पोषण स्थिति का रिकॉर्ड लगातार अपडेट करता है। कई राज्यों में यह किशोरियों की पहचान और उनके लिए दी जा रही सेवाओं को भी ट्रैक करता है। इससे 8 करोड़ से अधिक बच्चों, माताओं और किशोरियों का एक स्पष्ट पोषण प्रोफ़ाइल तैयार हो पाया है- खास तौर पर उन समूहों का, जिनमें कुपोषण की संभावना सबसे ज़्यादा हो सकती है। पोषण ट्रैकर ने आंगनवाड़ी सेवाओं की डिलीवरी को भी अधिक पारदर्शी बनाया है। पहले आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भारी-भरकम रजिस्टरों में डेटा भरना पड़ता था, जिसे न समय पर देखा जा सकता था और न ही निर्णय-निर्माण में इस्तेमाल किया जा सकता था। अब वही जानकारी मोबाइल पर आसानी से दर्ज हो जाती है और तुरंत उपयोग के लिए उपलब्ध रहती है। इससे ब्लॉक, ज़िला, राज्य और केंद्र स्तर के अधिकारी समझ पाते हैं कि किस क्षेत्र में कुपोषण अधिक है, कहां सेवाएं कमजोर हैं और किन स्थानों पर तुरंत हस्तक्षेप की आवश्यकता है।

Poshan Tracker

यह एक सतत सुधार वाली प्रणाली है, जिसने स्थानीय स्तर पर पोषण सेवाओं की पहचान और समय पर पहुंच के कई नए अवसर खोले हैं, क्योंकि टेक-होम राशन सीधे लाभार्थी तक पहुंचने वाली सेवा है, इसलिए इसे पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए ई- केवाईसी और एफआरएस जैसी प्रक्रियाएं लाई गई हैं। इसका मूल उद्देश्य यही है कि सभी पात्र लाभार्थियों तक टेक-होम राशन सही मात्रा में और समय पर पहुंचे, साथ ही व्यवस्था में मौजूद संभावित लीकेज, मनमानी और भ्रष्टाचार जैसी चुनौतियों को कम किया जा सके। ई-केवाईसी वह प्रक्रिया है जिसमें आधार नंबर दर्ज कर ओटीपी के माध्यम से पहचान सत्यापित होती है। यह एक बार की प्रक्रिया है, हर महीने इसे दोहराने की कोई आवश्यकता नहीं। एक बार हुए ई-केवाईसी से लाभार्थी का आजीवन डिजिटल पहचान रिकॉर्ड बन जाता है, जिससे सेवाएं निर्बाध मिलती हैं। दूसरी ओर, एफआरएस यह दर्ज करता है कि "कब–कहां–किसे" राशन मिला। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ऐप में लाभार्थी को चुनती हैं, लाइव फोटो लेती हैं, और सिस्टम उसे पहले से मौजूद तस्वीर से मिलाकर वितरण की पुष्टि करती है। यह प्रक्रिया ऑफ़लाइन मोड में भी चलती है, जिससे दूरदराज़ क्षेत्रों में भी वितरण की जांच आसानी से हो जाती है। सबसे महत्त्वपूर्ण बात किसी भी बच्चों की फोटो नहीं ली जाती; उनके अभिभावक की पहचान ही पर्याप्त मानी जाती है। आंकड़े दर्शाते हैं कि 31 दिसम्बर 2025 तक 4.73 करोड़ पात्र राशन लाभार्थियों में से 4.51 करोड़ का ई- केवाईसी और आधार आधारित चेहरा मिलान पूरा हो चुका है। यह लगभग 95.4% कवरेज है, जो स्पष्ट दिखाता है कि वास्तविक लाभार्थी न तो ई- केवाईसी से परेशान हैं और न ही एफआरएस से। कम नेटवर्क की समस्या के समाधान के लिए फैस मैचिंग को ऑफ़लाइन मोड में भी एक्टिवेट किया गया है। इस पहल को केवल तकनीकी सुधार के रूप में नहीं, बल्कि सेवा वितरण में विश्वास बढ़ाने के कदम के रूप में देखा जाना चाहिए। पोषण ट्रैकर की सफलता ऐप या एल्गोरिद्म की नहीं, बल्कि विश्वास की कहानी है- एक ऐसी प्रणाली जहां लाभार्थी बिना भटकाव के अपना हक़ पाए, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का काम सरल हो और सरकार का हर संसाधन पारदर्शी रूप से सही व्यक्ति तक पहुंचे। पूरी दुनिया डिजिटल हो रही है और भारत इस परिवर्तन का नेतृत्व कर रहा है। ऐसे में स्वास्थ्य और पोषण जैसी जीवन-निर्भर सेवाओं का डिजिटल होना स्वाभाविक और आवश्यक है। इसलिए, यदि आप लाभार्थी हैं, तो इन पहलों को अपनाएं, दूसरों को भी जागरूक करें, और सुनिश्चित करें कि आपका अधिकार आपको बिना किसी बाधा के मिले। तकनीक तभी सार्थक है, जब वह अधिकारों को सुरक्षित और सुलभ बनाए, और पोषण ट्रैकर इसी दिशा में एक बड़ा कदम है।

*( लेखक स्वस्थ भारत, पंजी. न्यास के चेयरमैन हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

# सब प्राणियों का मार्गदर्शन करती हैं मां जगदंबा



संकलित

**दर्शन**

इस जगत की प्रत्येक वस्तु, चर या अचर का मूल स्रोत एक निगूढ़ शक्ति है, जो तर्क और बुद्धि की सीमा के परे है! कोई पूछे कि यह शक्ति स्त्रीलिंग है या पुंल्लिंग, तो उत्तर के स्त्रीलिंग होने की संभावना अधिक है। जैसे एक नए जीवन को गढ़ने के लिए सहनशीलता, धैर्य, करुणा और क्षमता एक मां में ही होती है, वैसे ही विश्वमातृत्व की अनंत शक्ति ही इतने महत एवं विशाल जगत को जन्म दे सकती है। नवरात्र में, पहले तीन दिन दुर्गा देवी की उपासना की जाती है, फिर अगले तीन दिन लक्ष्मी देवी की और अंतिम के तीन दिन सरस्वती देवी की! देवी के ये तीन रूप क्रमशः तीन गुणों के प्रतीक हैं-तमोगुण, रजोगुण और सतोगुण। यहां हम आश्चर्य में पड़ सकते हैं कि दुर्गा देवी तम की प्रतीक क्यों? भौतिक जगत में रहते हुए थोड़े-बहुत तमोगुण की भी आवश्यकता होती है। तमस पर्याप्त न हो तो हम ठीक से सो भी नहीं पाएंगे। आज कितने लोग अनिद्रा से ग्रस्त नींद की गोलियों के आदी हैं? क्यों उन्हें ठीक से नींद नहीं आती? क्योंकि उनके शरीर में तमस की कमी है। अतः वे अपने शरीर में कृत्रिम रूप से तमस का निर्माण करते हैं! बीच के तीन दिन, देवी की पूजा लक्ष्मी रूप में होती है- रजोगुण के रूप में, जिसकी आवश्यकता किसी भी कार्य को करने में होती है। पैसा कमाना हो, चाहे कोई इच्छा पूरी करनी हो। शरीर में अत्यधिक या अति न्यून रजोगुण होना भी समस्याएं खड़ी करता है। अत्यधिक रजोगुण होगा तो ठीक से सोच भी नहीं सकते और शांति-विश्रांति भी दूर रहती है! फिर तनाव, चिंता और उच्च रक्तचाप हो जाता है।

# नई बातें सीख पाएंगे तो व्यक्तित्व में निखार आएगा



संकलित

**प्रेरणा**

एक गरीब व्यक्ति अर्जुन के पास पहुंचा और बोला कि कोई चोर उसकी गाय चुराकर ले गया है। मेरी मदद करें। अर्जुन उस व्यक्ति की मदद के लिए अपने धनुष-बाण लेने युधिष्ठिर-द्रौपदी के कमरे में चले गए। अर्जुन ने उस गरीब की मदद तो कर दी, लेकिन पांडवों का बनाया हुआ नियम तोड़ दिया। ये नियम तोड़ने के लिए अर्जुन को वनवास जाना पड़ा। अर्जुन 12 वर्षों के लिए अकेले ही वनवास के लिए निकल पड़े थे। वे वन-वन घूम रहे थे। अर्जुन ने तय किया कि मुझे इस वनवास में तपस्या करके अपने व्यक्तित्व को और निखारना चाहिए। उन्होंने सोचा कि मुझे वन में दुखी नहीं होना चाहिए, बल्कि नए लोगों से मिलकर कुछ नया सीखना चाहिए। वनवास के समय में एक श्रीकृष्ण और अर्जुन की मुलाकात हुई। अर्जुन ने पूरी बात श्रीकृष्ण को बता दी। श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम मेरे साथ द्वारका चलो। अर्जुन ने कहा कि मुझे तो वनवास में ही रहना है। मैं वन से बाहर नहीं जा सकता। श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा कि वन में घूमो और नए-नए स्थानों का, नई-नई विद्याओं का ज्ञान प्राप्त करो। जब हम यात्रा में होते हैं, तब हमें लगातार नया सीखते रहने की कोशिश करनी चाहिए। तभी यात्रा का लाभ मिल सकता है। वन तो तुम देख चुके हो, अब मैं तुम्हें द्वारका इसीलिए ले जा रहा हूं, ताकि तुम एक ऐसी नगरी देख सको, जहां तुम्हें और नई बातें सीखने को मिलेगी। द्वारका में योग में भोग और भोग में योग देखने को मिलेगा। तुम्हें द्वारका में बहुत बड़ा संदेश मिलेगा। श्रीकृष्ण की बातें मानकर अर्जुन द्वारका चले गए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अमेरिकी टैरिफ पर सियासत नहीं रणनीति की जरूरत

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा सभी देशों पर पंद्रह प्रतिशत समान टैरिफ लगाने की घोषणा ने वैश्विक व्यापार जगत में नई हलचल पैदा कर दी है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। पहले दस प्रतिशत की बात हुई फिर चौबीस घंटे के भीतर पंद्रह प्रतिशत का ऐलान कर दिया गया। इस बदलाव ने यह स्पष्ट कर दिया कि अमेरिका अपनी घरेलू आर्थिक और राजनीतिक जरूरतों के अनुसार व्यापार नीति को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है। ऐसे समय में भारत को भावनात्मक प्रतिक्रिया नहीं बल्कि संतुलित और व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। भारतीय राजनीति में इस मुद्दे को लेकर आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने इसे देश के साथ धोखा बताया और सरकार पर अमेरिकी दबाव में झुकने का आरोप लगाया।

*- कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## X ट्रेंड f

### दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि



रांची से दिल्ली की ओर जा रहा एक एयर एंबुलेंस चतरा के निकट दुर्घटनाग्रस्त होने का अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक समाचार मिला है। विमान में सवार सभी सात लोगों के निधन की पुष्टि हुई है। इस असामयिक दुर्घटना में दिवंगत सभी आत्माओं को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं।

-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री

### अमेरिकी डील रद्द करें



मोदी जी, खुली चुनौती है - भारत-अमेरिका व्यापार सौदा रद्द करें। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप के फैसले को रद्द कर दिया, सभी देशों ने अपने फैसले पर फिर से बातचीत की,आप क्यों शामिल हैं? सारा देश जानता है कि आप ये नहीं कर सकते - क्योंकि आप अमेरिकी पकड़ में सरेंडर कर चुके हैं।

- राहुल गांधी, सांसद कांग्रेस

### जन-आकांक्षाओं का बजट



झारखंड की जन-आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए लाया गया यह अबुआ दिशोम बजट 2026-27 है। वर्ष 2050 तक युवा झारखंड का समृद्ध बनने का सफर सुगम एवं तीव्रता से भरा हो, यह सुनिश्चित करने के लिए बजट में कई प्रावधान किए गए हैं।

- हेमंत सोरेन, सीएम, झारखंड

### निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण




बीजेपी और आरएसएस की मानवीय दृष्टिकोण और संवेदनाओं की व्याख्या में करुणा की बजाय नफरत झलकती है। एक जरूरतमंद महिला को कंबल देने से वंचित करना बेहद निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है।

- सचिन पायलट, पूर्व केंद्रीय मंत्री

रॉयल पत्रिका

## करंट अफेयर


# ब्रह्मांड के विशाल तारे में विस्फोट होने की आशंका



ब्रह्मांड के सबसे बड़े ज्ञात तारों में से एक डब्ल्यूओएच जी64 में वर्ष 2014 में बड़ा परिवर्तन दर्ज किया गया और नए शोध के अनुसार इसमें विस्फोट होने की आशंका है। एथेंस की राष्ट्रीय वेधशाला के गोंजालो मुन्योस–सांचेज के नेतृत्व में किए गए अध्ययन में कहा गया है कि यह तारा अपनी लाल विशाल अवस्था से दुर्लभ पीली अतिविशाल अवस्था में प्रवेश कर चुका है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह बदलाव तारे के जीवन के अंतिम चरण का संकेत हो सकता है। अति–विशाल अवस्था में पहुंचने के बाद तारे का जीवन आमतौर पर महाविस्फोट के साथ समाप्त होता है। यह अध्ययन 'नेचर एस्ट्रोनॉमी' में प्रकाशित हुआ है। डब्ल्यूओएच जी64 की खोज 1970 के दशक में 'लार्ज मैनेलैनिक क्लाउड' में हुई थी, जो हमारी आकाशगंगा के निकट स्थित एक बौनी आकाशगंगा है। यह तारा अत्यंत चमकीला और असाधारण रूप से विशाल है, जिसका आकार सूर्य की त्रिज्या से लगभग 1,500 गुना अधिक आंका गया है। वर्ष 2024 में अत्यंत विशाल दूरदर्शी 'इंटरफेरोमीटर' की मदद से इसकी विस्तृत तस्वीर ली गई, जिसमें इसके चारों ओर धूल का घना आवरण दिखाई दिया। इससे संकेत मिला कि यह तारा उम्र बढ़ने के साथ अपना द्रव्यमान तेजी से खो रहा है।

## ऑफ बीट

# आपके अस्थमा को बर्गर व चिप्स करते हैं प्रभावित



कुछ खाद्य पदार्थ या आहार पैटर्न आपके अस्थमा के बेहतर नियंत्रण से जुड़े हुए हैं। अन्य इसे बदतर बना सकते हैं। आपने जो खाया है उसके आधार पर, आप घंटों में प्रभाव देख सकते हैं। भोजन इस बात पर असर डाल सकता है कि आपके फेफड़े कितनी अच्छी तरह काम करते हैं, आपको कितनी बार अस्थमा का दौरा पड़ता है और आपका फ़फ़र कितनी अच्छी तरह काम करता है। यहां हम जानते हैं कि यदि आपको अस्थमा है तो कौन से खाद्य पदार्थ अधिक खाने चाहिए और कौन से कम मात्रा में खाने चाहिए। अस्थमा एक प्रदाह संबंधी बीमारी है। जब कोई व्यक्ति कुछ ट्रिगर्स ( जैसे श्वसन वायरस, धूल या व्यायाम) के संपर्क में आता है, तो फेफड़ों तक जाने वाले वायुमार्ग में प्रदाह होता है और यह संकीर्ण हो जाते हैं। अस्थमा से पीड़ित वयस्कों के लिए फलों और सब्जियों से भरपूर आहार खाना भी महत्वपूर्ण है। संतृप्त वसा अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों जैसे बिस्कुट, सॉसेज, पेस्ट्री और चॉकलेट और फास्ट फूड में पाए जाते हैं। संतृप्त वसा, साथ ही चीनी और लाल मांस से भरपूर आहार किसी के अस्थमा के लक्षणों को बिगाड़ सकता है।

# दो से ज्यादा बच्चे वाले भी लड़ सकेंगे पंचायत चुनाव, कैबिनेट ने हटाई रोक



जयपुर। राजस्थान में अब दो से ज्यादा बच्चे वाले भी नगर निकाय और पंचायत चुनाव लड़ सकेंगे। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस संबंध में बड़ा फैसला लिया गया है। कैबिनेट ने दो से अधिक बच्चों वाले व्यक्तियों के चुनाव लड़ने पर लगी रोक को समाप्त करने को मंजूरी दे दी है। इस प्रस्ताव को विधानसभा के मौजूदा सत्र में पेश कर कानून का रूप दिया जाएगा। कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने बुधवार (25 फरवरी) को प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी दी। इस दौरान कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ भी मौजूद रहे और उन्होंने कहा कि अब लोग पहले से ज्यादा जागरूक हो चुके हैं।

**यह फैसला RSS की विचारधारा से प्रभावित नहीं- राज्यवर्धन राठौड़**

राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि आर्थिक रूप से सक्षम ऐसे लोगों को भी चुनाव लड़ने का अवसर मिलना चाहिए, जो ज्यादा बच्चों का पालन-पोषण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह फैसला राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) या किसी अन्य विचारधारा से प्रभावित नहीं है। उनका कहना था कि अगर सरकार किसी विचारधारा से प्रभावित होती तो तीन से ज्यादा बच्चे वालों को ही चुनाव लड़ने की अनुमति दी जाती।

**RSS के एजेंडे पर काम कर रही सरकार- कांग्रेस**

कांग्रेस पार्टी ने कैबिनेट के इस फैसले पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एजेंडे पर काम कर रही है और यह फैसला उसी सोच का परिणाम है।

**कैबिनेट की बैठक में अन्य फैसले**

राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में अन्य महत्वपूर्ण फैसले भी लिए गए। बजट वर्ष 2024-25 में घोषित आयुर्वेद विश्वविद्यालय की स्थापना को आगे बढ़ाते हुए राजस्थान आयुर्वेद, योग तथा नेचुरोपैथी विश्वविद्यालय, अजमेर विधेयक-2026 के प्रारूप को मंजूरी दी गई। राज्य को औद्योगिक निवेश का प्रमुख केंद्र बनाने के उद्देश्य से राजस्थान औद्योगिक पार्क प्रोत्साहन नीति-2026 के प्रारूप को भी स्वीकृति दी गई। इसके अलावा ग्राम विकास अधिकारी संवर्ग को पदोन्नति के अधिक अवसर देने के लिए वरिष्ठ ग्राम विकास अधिकारी के नए पद सृजित करने को मंजूरी दी गई। अपराधों की रोकथाम और त्वरित कार्रवाई के लिए राजस्व आसूचना एवं आर्थिक अपराध निदेशालय के गठन का भी निर्णय लिया गया। प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए तीन जिलों में चार सौर ऊर्जा परियोजनाओं हेतु भूमि आवंटन को भी मंत्रिमंडल की बैठक में मंजूरी प्रदान की गई।

# ओसियां में बजट उपलब्धता एवं गुणावगुण के आधार पर नवीन महाविद्यालय स्थापित करने का निर्णय – उप मुख्यमंत्री



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। उप मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ.प्रेमचंद बैरवा ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि विधानसभा क्षेत्र ओसियां में वर्तमान में 04 राजकीय महाविद्यालय संचालित हैं। उन्होंने कहा कि यहां की नवगठित पंचायत समिति हतुंडी के अंतर्गत आने वाली सभी ग्राम पंचायतों में छात्राओं की संख्या का आकलन एवं आवश्यक परीक्षण कर राजकीय कन्या महाविद्यालय खोले जाने के विषय में निर्णय किया जाएगा। उच्च शिक्षा मंत्री प्रश्नकाल के दौरान विधायक भैरा राम चौधरी द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र ओसियां में संचालित शहीद गोरख राम वीर चक्र राजकीय पीजी महाविद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या एवं वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता एवं गुणावगुण के आधार पर यूजी एवं पीजी कक्षाओं में अतिरिक्त विषय खोलने के संबंध में निर्णय किया जाएगा। इसी प्रकार राजकीय कन्या महाविद्यालय तिंवरी-मथानिया को स्नापतक से स्नाकतकोत्तगर स्त र पर क्रमोन्नत किये जाने के संबंध में भी बजट उपलब्धता एवं गुणावगुण के आधार पर निर्णय किया जाएगा। इससे पहले सदस्य के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में उच्च शिक्षा मंत्री ने विधानसभा क्षेत्र ओसियां में संचालित 04 राजकीय महाविद्यालयों का विवरण उन्होंने सदन के पटल पर रखा। उन्होंने स्पष्ट किया कि विधानसभा क्षेत्र ओसियां की नवसृजित पंचायत समिति मुख्यालय हतुंडी में राजकीय कन्या महाविद्यालय खोले जाने एवं राजकीय कन्या महाविद्यालय तिंवरी-मथानिया को स्नादतक से स्नाएतकोत्तदर स्तवर पर क्रमोन्नत किये जाने का वर्तमान में कोई प्रस्ता व विभाग में विचाराधीन नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि विधानसभा क्षेत्र ओसियां में संचालित शहीद गोरख राम वीर चक्र राजकीय पीजी महाविद्यालय ओसियां सहित अन्य राजकीय कन्या महाविद्यालयों में नवीन विषय खोले जाने का वर्तमान में कोई प्रस्ताव् विभाग में विचाराधीन नहीं है।

# संबंधित योजनाओं के प्रभारी और अधिकारियों ने लिया तकनीकी प्रशिक्षण

## -समयबद्ध तरीके से हो सकेगा समस्याओं का समाधान




जयपुर (रॉयल पत्रिका)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत और अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती अपर्णा अरोड़ा के निर्देश पर विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से जुड़ी समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए मुख्यालय पर शीघ्र ही "हेल्प डेस्क (समाधान कक्ष)" स्थापित किया जाएगा। यह पहल विभागीय कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और परिणामोन्मुख बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अंबेडकर भवन में बुधवार को समस्त शाखाओं के प्रभारी अधिकारियों एवं संबंधित कार्मिकों को इस संबंध में विस्तृत तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान समाधान कक्ष की कार्यप्रणाली, समस्या दर्ज करने की प्रक्रिया, मॉनिटरिंग तंत्र तथा त्वरित निस्तारण की व्यवस्था पर विस्तार से जानकारी दी गई।

निदेशक आशीष मोदी ने बताया कि इसी प्रकार का नवाचार पूर्व में बतौर निदेशक माध्यमिक शिक्षा विभाग, बीकानेर रहते हुए सफलतापूर्वक लागू किया गया था, जिससे विभागीय कार्यक्षमता में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला। उन्होंने कहा कि आगामी समय में सामाजिक न्याय विभाग में और भी कई नवाचार लागू किए जाएंगे, जिनसे लाभार्थियों को निर्धारित समय-सीमा में समाधान उपलब्ध कराया जा सकेगा तथा जवाबदेहिता सुनिश्चित होगी। संयुक्त निदेशक (आईटी), माध्यमिक शिक्षा विभाग, बीकानेर गौरव शर्मा ने समाधान कक्ष प्रणाली के तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आधुनिक डिजिटल तंत्र की सहायता से ऐसा मैकेनिज्म विकसित किया गया है, जिससे योजनाओं से संबंधित समस्याओं की ऑनलाइन ट्रैकिंग, निगरानी एवं शीघ्र निस्तारण संभव होगा। संयुक्त निदेशक (आईटी) सामाजिक न्याय अमर सिंह मीणा ने बताया कि समाधान कक्ष में प्राप्त प्रत्येक प्रकरण के त्वरित निस्तारण का लक्ष्य रखा जाएगा। साथ ही, नियमित मॉनिटरिंग एवं फीडबैक प्रणाली के माध्यम से इसकी प्रभावशीलता का मूल्यांकन भी किया जाएगा, ताकि जरूरत पड़ने पर सुधारात्मक कदम उठाए जा सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विभाग के वरिष्ठ अधिकारी सहित समस्त शाखाओं के कार्मिक उपस्थित रहे।

# पेंशनरों की समस्याओं को लेकर पेंशन निदेशक के साथ बैठक आयोजित



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान सरकार द्वारा आमंत्रित राजस्थान पेन्शनर्स मंच के शीर्ष प्रदाधिकारियो के साथ एक दिवसीय मिटिंग 23 फरवरी 2026 को आयोजित हुई, जिसकी अगुवाई प्रदेश अध्यक्ष कैलाश क्रांतिकारी, प्रदेश अध्यक्ष कार्यकारी डॉ. अब्दुल मन्नान खान एवं सूरज प्रकाश टोंक के नेतृत्व में पेन्शन निदेशक महेन्द्र सिंह के साथ बैठक सम्पन्न हुई, जिसमे जयपुर से जिला अध्यक्ष मोहमद हनीफ, बुन्दी से घनश्याम दुबे, प्रदेश महासचिव मुकुट शर्मा, झालावाड से प्रदेश सचिव आरीफ मोहम्मद, उपाध्यक्ष आफाक अहमद, प्रदेश महासचिव विष्णु शर्मा, सुरज प्रकाश टोक, ब्यावर से जगदीश सिंह सहित कई अन्य लोग राजस्थान से आए। कई पदाधिकारीगण द्वारा इस मिटिंग में अपनी उपास्थिति दर्ज करवायी गयी मांग पत्र में एक विस्तृत ज्ञापन निदेशक पेन्शन को सौपा गया एवं कई महत्वपूर्ण बिन्दओ पर विस्तृत चर्चा हुई एवं राजस्थान पेन्शनर्स मंच द्वारा आगामी अप्रैल एवम मई के बीच एक आन्दोलन करने का प्रस्ताव रखा सरकार की पेन्शनर्स के साथ हठधर्मिता के कारण उक्त धरना देना पड़ सकता है। इस बैठक में राजस्थान भर से आए कई पेन्शनर अपने अपने जिले से कई समस्याए पेन्शनर की लेकर आए, एवम उन समस्याओ का निवारण निदेशक द्वारा शीघ्र कर दिया गया।

# राज्य और राष्ट्र विकास के लिए की प्रार्थना

## -राज्यपाल ने कहा यज्ञ सनातन संस्कृति के सर्व कल्याण की उज्ज्वल दृष्टि है



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे बुधवार को कोटि होमात्मक नव दिवसीय 108 श्री राम महायज्ञ में सम्मिलित हुए। उन्होंने महायज्ञ में आहुति दी और शांति, आध्यात्मिक उन्नयन के साथ राष्ट्र और राज्य के कल्याण की ईश्वर से प्रार्थना की। राज्यपाल ने इस दौरान सनातन संस्कृति को अजेय बताते हुए कहा कि यज्ञ और इस तरह के पवित्र अनुष्ठान जीवन का आलोक है। उन्होंने कहा कि यज्ञ पवित्रता के साथ वातावरण को सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। यह सनातन संस्कृति की सबके कल्याण में निहित उज्ज्वल दृष्टि है।

# 6 वर्षीय ज़िया खान ने पहला रमजान रखा

## -परिवार में खुशी की रौनक लौटी



मनोहरपूर (रॉयल पत्रिका)। रमजान मुबारक के महीने में सभी मुस्लिम रोजे रख रहे है ऐसे में छोटे-छोटे बच्चे भी रोजा रखने में पीछे नही रहते है रोज सेहरी के समय पर उठ रमजान रखने की ज़िद कर रहे हैं बार बार ज़िया खान को ज़िद करने दादा रोशन खान व दादी रमजो बानो ने रोजा रखने की इजाज़त देदी । इस पर ज़िया खान ने भी पहला रोजा रखा। याद दिला दे कि रमजान के महीने में मुस्लिम समाज पूरे महीने रोजा रखता है सुबह पांच बजे से शाम साढ़े छह बजे तक कुछ भी खाते पीते नहीं है। बच्ची के हौंसले की सभी तारीफ कर रहे हैं। समाज में इसे बच्चों में धैर्य और धार्मिक संस्कारों की शुरुआत के रूप में देखा जाता है हालांकि बड़े बुजुर्ग कहते हैं कि किसी भी तरह का बच्चों पर कोई दबाव नहीं होता है फिर भी बच्चे घर में बड़ों को देखकर सभी धार्मिक क्रियाएं सीखते हैं। रोजा इफ्तार के समय शाम को बच्चों के पोषण का और शारीरिक विकास का खास ध्यान रखा जाता है। बच्ची को पूछने पर बताया कि मुझे खुशी का अहसास हो रहा है ओर में अपने परिवार शहर व मुल्क की खुश हाली की दुआ करती हु। इस अवसर दादा रोशन खान, दादी रमजो बानो, पापा रुस्तम खान, मम्मी सूबाना, चाचा मुस्ताक खान, चाची शबनम बानों, ताऊ उस्मान खान ने खुशी ज़ाहिर करते हुए दावत दी।

# निजी बस ऑपरेटरों के पक्ष में उतरे जूली, व्यवस्था बिगाड़ने वाले अधिकारियों पर उठाए सवाल



जयपुर(रॉयल पत्रिका)। निजी बस ऑपरेटरों की हड़ताल को लेकर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सरकार पर हमलावर नजर आए। उन्होंने आरोप लगाया कि बसों के लगातार चालान काटे जा रहे हैं और वाहनों को जब्त किया जा रहा है, जिससे परिवहन व्यवस्था प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि रात के समय बसों में महिलाएं और बच्चियां फंसी रह जाती हैं और उन्हें मजबूरी में बसों में ही रात गुजारनी पड़ती है। जूली ने सवाल उठाया कि आखिर वे कौन अधिकारी हैं जिनकी वजह से पूरी व्यवस्था बिगड़ रही है और सरकार उनके खिलाफ क्या कार्रवाई करेगी। जूली ने कहा कि खाटूश्यामजी का मेला चल रहा है और लाखों श्रद्धालु प्रदेश में पहुंच रहे हैं, लेकिन परिवहन व्यवस्थाएं चरमराई हुई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि 28 फरवरी को प्रधानमंत्री की रैली के लिए बसों की व्यवस्था आसानी से हो जाती है, लेकिन आम जनता की परेशानी का समाधान नहीं किया जा रहा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि चालान की कार्रवाई इस तरह की जा रही है कि छोटे वाहन संचालक और बस ऑपरेटर आर्थिक रूप से टूट जाएं। उन्होंने कहा कि पहले भी ऐसी स्थिति बन चुकी है और बाद में दबाव पड़ने पर ही व्यवस्थाएं सुधारी गई थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश की जनता के साथ दोहरा व्यवहार किया जा रहा है। जूली ने चेतावनी दी कि जब सिस्टम कोलैप्स होता है और सरकार व्यवस्थाएं नहीं करती, तो मनमाना किराया वसूला जाता है और इसका सीधा नुकसान जनता को उठाना पड़ता है। शिक्षा विभाग पर निशाना साधते हुए जूली ने कहा कि परीक्षा के समय आदेश जारी कर विद्यार्थियों को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं है, पहले भी ऐसे आदेश जारी किए गए हैं जब छात्रों की प्राथमिकता परीक्षा की तैयारी होती है। महाराणा प्रताप से जुड़े बजट प्रावधानों पर भी उन्होंने सवाल उठाए। जूली ने कहा कि बड़े-बड़े बजट की घोषणाएं की जाती हैं, लेकिन खर्च बहुत कम होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि पर्यटन सर्किट के लिए अब तक डीपीआर तक तैयार नहीं की गई, जबकि दो साल से बजट उपलब्ध है। उद्योग विभाग की सब्सिडी योजना का उदाहरण देते हुए जूली ने कहा कि 30 करोड़ रुपये का प्रावधान होने के बावजूद बहुत कम राशि जारी की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि बजट के आंकड़ों के जरिए जनता को गुमराह किया जा रहा है, जबकि जमीन पर काम नजर नहीं आ रहा है। जूली ने सरकार से मांग की कि बस हड़ताल का जल्द समाधान निकाला जाए, संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए और बजट घोषणाओं का समयबद्ध उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

# "जनसेवा ही मेरा धर्म है" – कुंवर दिगराज सिंह शाहपुरा



मनोहरपूर (रॉयल पत्रिका)। शाहपुरा नगर परिषद, वार्ड नंबर 5 में सड़क के बीचों-बीच बना गहरा खड्डा आमजन के लिए गंभीर खतरा बन चुका था। बीती रात्रि इसी खड्डे के कारण एक छोटा हादसा हुआ, जिसमें एक बुजुर्ग महिला को बच्चों के साथ अस्पताल तक जाना पड़ा। यह दृश्य हर संवेदनशील व्यक्ति का दिल झकझोर देने वाला था। जैसे ही इस घटना की जानकारी कुंवर दिगराज सिंह शाहपुरा को मिली, उन्होंने बिना किसी औपचारिकता या इंतजार के तत्काल प्रभाव से आज सुबह स्वयं मौके पर पहुँचकर खड्डे की मरम्मत अपने निजी खर्चे से करवाई। उनके लिए राजनीति पद या प्रचार का माध्यम नहीं, बल्कि जनसेवा का संकल्प है। दिगराज सिंह शाहपुरा जी ने कहा कि "मैं अपने क्षेत्र के लोगों को किसी भी प्रकार की पीड़ा में नहीं देख सकता। यह मेरा परिवार है, और परिवार की सुरक्षा मेरी पहली जिम्मेदारी है।" स्थानीय नागरिकों ने इस त्वरित कार्यवाही के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जब भी क्षेत्र में कोई समस्या आती है, दिगराज सिंह शाहपुरा जी हमेशा आगे बढ़कर समाधान करते हैं। यह कार्य न केवल एक खड्डे की मरम्मत है, बल्कि जनता के प्रति उनकी संवेदनशीलता, जवाबदेही और समर्पण का प्रतीक है। वार्ड नंबर 5 के निवासियों ने उन्हें धन्यवाद देते हुए विश्वास जताया कि ऐसे जनप्रतिनिधि ही क्षेत्र को सुरक्षित, सशक्त और विकासशील बना सकते हैं।

# कृषि योजनाओं की समीक्षा हेतु गठित कमेटी की बैठक संपन्न

## -योजनाओं का लाभ अंतिम किसान तक समयबद्ध व पारदर्शी रूप से पहुंचाने पर ज़ोर



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राज्य में किसानों के हित में संचालित कृषि योजनाओं की प्रभावी क्रियान्विति, प्रगति एवं जमीनी स्तर पर आ रही समस्याओं की समीक्षा को लेकर राज्य की कृषि योजनाओं के क्रम में गठित कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को पंत कृषि भवन में आयोजित की गई। बैठक में योजनाओं के लाभ को अंतिम छोर पर बैठे किसान तक समय पर पहुंचाने तथा उनकी आय में सतत वृद्धि सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रमुख शासन सचिव, कृषि एवं उद्यानिकी, श्रीमती मंजू राजपाल ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शी ढंग से हो तथा किसानों को योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने के लिए जमीनी स्तर पर आने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। संयुक्त शासन सचिव, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, संजय अग्रवाल ने कहा कि राजस्थान में बागवानी फसलों—फल, फूल एवं सब्जियों—की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने इन फसलों के चयन के साथ ठोस कार्ययोजना तैयार कर उसे धरातल पर प्रभावी रूप से लागू करने पर ज़ोर दिया, जिससे किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हो सके। उन्होंने जल संरक्षण के अंतर्गत सूक्ष्म सिंचाई प्रणालियों को अधिक से अधिक बढ़ावा देने तथा प्रदेश में ईसबगोल, जीरा, सौंफ जैसी फसलों की उन्नत एवं नई किस्मों को व्यापक रूप से प्रमोट करने की आवश्यकता बताई। बैठक में राज्य सरकार की प्रमुख कृषि योजनाओं की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। योजनाओं के अंतर्गत किसानों को मिल रहे लाभ, फसल उत्पादन बढ़ाने, आधुनिक कृषि तकनीकों के उपयोग, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, उन्नत बीज वितरण, मृदा स्वास्थ्य सुधार तथा किसानों की आय बढ़ाने से जुड़े विषयों पर गहन मंथन हुआ। साथ ही बागवानी, पशुपालन, जैविक खेती एवं सहायक कृषि गतिविधियों को बढ़ावा देने पर भी सहमति बनी। कमेटी ने निर्णय लिया कि सभी योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी तथा जिला स्तर पर समीक्षा बैठकों के माध्यम से प्रगति रिपोर्ट प्राप्त की जाएगी। अधिकारियों को किसानों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने के निर्देश दिए गए। बैठक में आयुक्त कृषि सुश्री चिन्मयी गोपाल, आयुक्त उद्यानिकी श्रीमती शुभम चौधरी, निदेशक कृषि विपणन विभाग राजेश कुमार चौहान सहित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) अविकानगर, बीकानेर एवं भरतपुर के निदेशक, कृषि एवं उद्यानिकी विभाग, कृषि विपणन विभाग तथा राजस्थान राज्य बीज निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

# नगर निगम जयपुर में धूमधाम से आयोजित हुआ फाग उत्सव 2026



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। नगर निगम जयपुर द्वारा होली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में बुधवार को निगम मुख्यालय में पारंपरिक फाग उत्सव 2026 का भव्य आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आयुक्त डॉ गौरव सैनी एवं अतिरिक्त आयुक्त नरेंद्र बंसल द्वारा किया गया। आयुक्त ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए सुरक्षित एवं पर्यावरण हितैषी होली मनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन शहर की समृद्ध परंपराओं के संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक समरसता को भी सुदृढ़ करते हैं। कर्मचारी यूनियन अध्यक्ष श्रीमती कोमल यादव ने जानकारी दी कि उत्सव के दौरान पारंपरिक फाग गीतों का गायन, चंग वादन तथा घूमर एवं कालबेलिया नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम में प्राकृतिक गुलाल एवं पुष्पों से होली खेली गई, जिससे आयोजन का वातावरण पूर्णतः पारंपरिक एवं उल्लासमय बना रहा। इस अवसर पर कर्मचारी यूनियन अध्यक्ष कमल यादव, उपाध्यक्ष श्रीमती कूकल देवी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नगरीय विकास कर बकाया होने पर मालवीय नगर जोन में 12 सम्पत्तियों को किया कुर्क

## -कार्यवाही के दौरान मौके पर ही 6 बकायादारों द्वारा जमा करवाई गई राषि, एक दिन में वसूले 40 लाख रूपये




सम्पत्तिधारकों द्वारा मौके पर राषि

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देषानुसार उपायुक्त मालवीय नगर जोन मुकुट सिंह के नेतृत्व में बुधवार को 12 सम्पत्तियों पर नगरीय विकास कर बकाया होने पर कुर्क की कार्रवाई की गई जिसमें 6 सम्पत्तिधारकों द्वारा 40 लाख रूपये की राशि मौके पर ही जमा करवाया तथा 6 सम्पत्तियों को सीज किया गया। उपायुक्त मुकुट सिंह ने बताया कि मालवीय नगर जोन द्वारा बकायाकर दाताओं को नगरीय विकास कर के बिल भिजवाये गये एवं कर्मचारियों द्वारा व्यक्तिषं सम्पर्क के भी बकाया नगरीय विकास कर जमा नहीं कराने वाले सम्पत्तिधारकों को जोन कार्यालय नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 130 के तहत मांग नोटिस जारी करने के पष्चात् धारा 131 के तहत वारंट जारी किये गये। जिसके परिणाम स्वरूप जोन कार्यालय राजस्व टीम एवं पुलिस जाब्ता के साथ 12 सम्पत्तियों पर कुर्की की कार्रवाई की गई जिसमें 6 जमा करवाई गई।

कार्यवाही के दौरान राजस्व अधिकारी मालवीय नगर जोन पवन कुमार मीणा, राजस्व निरीक्षक अमित कुमार पारीक, एवं सहायक राजस्व निरीक्षक राजेन्द्र शर्मा एवं राजस्व टीम मौजूद रही।

## आवश्यक नम्बर

रॉयल पत्रिका

**बिजली फॉल्ट के लिए**

| | |
|---|---|
| टोल फ्री नंबर | 18001806507 |
| वॉट्सएप नंबर | 9414037085 |
| कस्टमर केयर | 2203000 |
| आईवीआरएस | 1912 |

**कचरा गाड़ी के लिए**

| | |
|---|---|
| ग्रेटर | 2747400 |
| सीवरेज लीकेज | 2607500 |
| हेरिटेज | 2607500 |
| टोल फ्री नंबर | 14420 |

**पुलिस की मदद के लिए**

| | |
|---|---|
| साइबर क्राइम | 1930/2360094 |
| कंट्रोल रूम | 2388435/36/37/38 |
| ट्रैफिक कंट्रोल रूम | 2565630 |
| चाइल्ड हेल्पलाइन | 1098 |
| महिला हेल्पलाइन | 1090 |
| मुख्यमंत्री पोर्टल | 181 |

**पानी के लिए**

| | |
|---|---|
| जलदाय कार्यालय | 2706624 |
| फायर ब्रिगेड | 2747400 |

**मेडिकल इमरजेंसी के लिए**

| | |
|---|---|
| एंबुलेंस | 102/108 |
| एसएमएस इमरजेंसी | 2518333 |
| महिला चिकित्सालय | 22610616 |
| जनाना हॉस्पिटल | 22378721 |
| SDMH | 22574189 |
| SMS ब्लड बैंक | 22518222 |
| कल्याण ब्लड बैंक | 22721771 |

**घायल पशुओं के लिए**

| | |
|---|---|
| नगर निगम | 2747400 |
| बर्ड बाइक | 9887345580 |
| हेल्प इन सफरिंग | 8107299711 |
| जनमंच ट्रस्ट | 7230055800 |
| पशु चिकित्सालय | 2747400 |

# एडीआर सेन्टर में आशा, एलएसयूसी, एलएसयूएम एवं डॉन यूनिट के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं मीटिंग का आयोजन

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर की सचिव समीक्षा गौतम द्वारा बुधवार को एडीआर सेन्टर सवाई माधोपुर में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कर आशा योजना 2025 के प्रावधानों, बाल विवाह की व्यापकता एवं जोखिम वाले क्षेत्रों में बाल विवाह के पीड़ितों की पहचान कर बालविवाह की तत्काल रोकथाम करने एवं दीर्घकालिक सामुदायिक जागरूकता को मजबूत करने के लिए संचालित 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान 'बालविवाह मुक्त भारत अभियान', बाल विवाह के दुष्परिणामों, बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम "पोक्सो एक्ट" 2012, किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 के प्रावधानों, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, बाल विवाह रोकथाम हेतु गठित आशा यूनिट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही, बाल विवाह की शिकायत के निवारण में विधिक सेवा प्राधिकरणों एवं विधिक सेवा समितियों की भूमिका आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही नालसा (बालकों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं) योजना 2024 का उद्देश्य, बच्चों से संबंधित अपराधों के संबंध में लोगों को जागरूक करने हेतु आउटरीच कार्यक्रम आयोजित करने, आपराधिक न्याय प्रक्रिया में बच्चों के लिए कानूनी सहायता, बच्चों के संबंध में विभिन्न सरकारी विभागों के साथ सम्पर्क स्थापित कर बच्चों के लिए संचालित योजनाओं का लाभ समाज के कमजोर वर्ग के बच्चों तक पहुंचाना, बच्चों की सुरक्षा हेतु किए जा सकने वाले प्रयासों तथा नालसा (मानसिक रूप से बीमार एवं बौद्धिक रूप से असक्षम व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं) योजना 2024 के तहत मानसिक बीमारी एवं बौद्धिक असक्षता वाले व्यक्तियों के कानूनी



अधिकारों, उन्हें सभी प्रकार के सिविल, प्रशासनिक, आपराधिक एवं अन्य मामलों में कानूनी सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के लिए किये जा सकने वाले प्रयासों आदि के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई तथा नशीली दवाओं के उपयोग से होने वाले नुकसानों, मादक पदार्थो की अवैध तस्करी, शिक्षा के माध्यम से नशीली दवाओं के दुरूपयोग के उन्मूलन, नालसा ड्रग अवेयरनेस एंड वैलनेस नेविगेशन, फॉर ए ड्रग फ्री इंडिया स्कीम (डॉन) 2025 के तहत पात्र व्यक्तियों तक विधिक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने, पीड़ितों के पुनर्वास एवं सामाजिक पुनः एकीकरण की प्रक्रिया एवं विधिक सेवा ढांचे को मजबूत करने में विधिक सेवा प्राधिकरणों एवं विधिक सेवा समितियों की सुविधा प्रदाता के रूप में भूमिका के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

इस दौरान सचिव समीक्षा गौतम द्वारा पैनल अधिवक्ताओं एवं अधिकार मित्रों के साथ मीटिंग का आयोजन कर उनके कार्यव्यवहार एवं विधिक सेवा कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी के संबंध में विचार-विमर्श कर उन्हें नालसा एवं रालसा योजनाओं, पोश एक्ट, राष्ट्रीय लोक अदालत, स्थायी लोक अदालत, मध्यस्थता कानूनों, नालसा हेल्पलाईन नंबर 15100, साइबर अपराधों की रोकथाम, राजस्थान पीड़ित प्रतिकर योजना, हिट एण्ड रन योजना आदि विषयों के संबंध में अधिकाधिक आमजन को जागरूक करने हेतु जागरूकता शिविरों का आयोजन करने के संबंध में निर्देश प्रदान किये गये। इस दौरान उपस्थित सदस्यों को बाल विवाह का समर्थन नहीं करने एवं बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर संबंधित विभागों को सूचित करने के संबंध में शपथ दिलाई गई। इस दौरान नायब तहसीलदार पुष्पेन्द्र शर्मा, जिला बाल संरक्षण अधिकारी विमलेश कुमार, उपनिदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मनोज कुमार गहलोत सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधिगण, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, पैनल अधिवक्ता, अधिकार मित्र, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहें।

# कांग्रेस की ओर से श्रीगंगानगर में प्रस्तावित महा रैली की तैयारीयों को लेकर जयपुर में बैठक

**मोहम्मद अली पठान**

चूरू/जयपुर (रॉयल पत्रिका)। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में एक बैठक हुई जिसमें मोदी सरकार द्वारा भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में राष्ट्रीय हितों की अनदेखी कर देश की संप्रभुता से समझौता करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। किसानों और छोटे कारोबारियों के साथ किया गया अन्याय तथा देशहित के साथ हुआ समझौता किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। इन्हीं मुद्दों को लेकर आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में श्रीगंगानगर में प्रस्तावित महारैली की रणनीति एवं तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हेतु




आयोजित बैठक में एआईसीसी सचिव अखिल भारतीय कांग्रेस की रेहाना रियाज चिश्ती बैठक में शामिल हुई । एआईसीसी राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी, एआईसीसी सह-प्रभारी चिरंजीव राव, रुत्विक मकवाना सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 फरवरी को आएंगे अजमेर, जिले से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता लेंगे भाग

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अजमेर में आयोजित जनसभा को लेकर भारतीय जनता पार्टी सवाई माधोपुर विधानसभा के कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक आज जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि बैठक में 28 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी की सभा में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के पहुंचने को लेकर योजना तैयार की गई, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा में जिले से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता बस एवं निजी साधनों से अजमेर कायड़ विश्राम स्थली सभास्थल पर पहुंचेंगे, उसके लिए जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने जिला महामंत्री जगदीश अग्रवाल को विधानसभा प्रभारी एवं लालचंद गौतम को सहप्रभारी नियुक्त किया। इसी क्रम में मोदी की सभा को लेकर प्रत्येक मंडल पर प्रभारी और सहप्रभारी तय किए गए । जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने मंडल अध्यक्षों की सहमति से बजरिया मंडल में ओमप्रकाश शर्मा को प्रभारी और केशव शर्मा को सहप्रभारी, शहर मंडल में रामपाल बालोत को प्रभारी और बाबूलाल महावर को सहप्रभारी, कुंडेरा मंडल में मनीष शर्मा प्रभारी और भगवान सैनी को सहप्रभारी, ग्रामीण मंडल में हाबूलाल मीणा प्रभारी और प्रेमराज मीणा को सहप्रभारी, मलारना डूंगर मंडल में प्रभारी हनुमान मीणा और हुकुम सोनी को सहप्रभारी नियुक्त किया है। बैठक में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों, पंचायतराज चुनाव की तैयारी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय




प्रशिक्षण महाअभियान को लेकर भी चर्चा की। बैठक में कार्यक्रमों को गति प्रदान करने की भूमिका बनाते हुए आगामी 8 मार्च को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की जिला कार्यशाला आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान बैठक में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमप्रकाश शर्मा, बजरंग लाल जाट, सुरेश चंद जैन, पूर्व जिला प्रमुख पृथ्वीराज मीणा, जिला महामंत्री जगदीश अग्रवाल, बाबूलाल मीणा, जिला उपाध्यक्ष हरिओम गर्ग, लालचंद गौतम, मीरा सैनी, जिला मंत्री हरफूल मरमट, जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा, जिला कार्यालय मंत्री मुकेश शर्मा, विधानसभा प्रवासी गौरव फौजदार, बजरिया मंडल अध्यक्ष रितेश भारद्वाज, शहर मंडल अध्यक्ष कपिल जैन, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अशोकराज मीणा, मलारना डूंगर मंडल अध्यक्ष श्रीचंद सैनी, सोशल मीडिया सहसंयोजक मेहनाज पटेल, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मुरली गौतम, अनिल बंसल,बनवारी बंसल, सीताराम शुक्ला आदि भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

# चूरू में राष्ट्रीय बागवानी मिशन सेमीनार का पर्यवेक्षण, कलेक्टर अभिषेक सुराणा बोले– उद्यानिकी फसलें अपनाएं किसान

**मोहम्मद अली पठान**

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने बुधवार को जिला मुख्यालय पर आत्मा परियोजना सभागार में राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना अंतर्गत दो दिवसीय जिला स्तरीय सेमीनार का पर्यवेक्षण कर उपस्थित किसानों से संवाद किया। इस दौरान जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए परंपरागत खेती के साथ उद्यानिकी फसलों को अपनाना समय की आवश्यकता है। कृषक बदलते जलवायु परिदृश्य, सीमित जल संसाधनों को देखते हुए कृषि गतिविधियों में नवीन तकनीकों का उपयोग करें। इसी के साथ फसल विविधीकरण की दिशा में परंपरागत फसलों के साथ औषधीय व मसाला पौधों को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि भौतिक परिस्थितियों में जिले में अधिकांशत: खारा पानी है और मिट्टी भी विविधता लिए हुए है। सिंचित क्षेत्र में भी पानी के अधिक उपयोग से फसल व मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित होती है, इसलिए किसान मिनिड्रिप व मिनिस्प्रिंकलर सिंचाई अपनाएं। सुराणा ने कहा कि प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना अंतर्गत चूरू जिले का चयन भी किया गया है। इसलिए किसान योजना व एकीकृत बागवानी विकास मिशन अंतर्गत फसल उत्पादकता को बढ़ाते हुए वैल्यू एडिशन पर फोकस करें। राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में अनुदान का लाभ उठाएं और स्थानीय स्तर पर ही वेयरहाउस, प्रसंस्करण इकाईयां व मार्केटिंग विकल्प तैयार करें। उन्होंने कहा कि युवा कृषक दलहन, तिलहन प्रोसेसिंग व उत्पादों की ट्रेडिंग स्वयं करें और कृषि के साथ उद्यमिता को बढ़ावा दें।




उद्यानिकी उपनिदेशक डॉ धर्मवीर डूडी ने कहा कि सूक्ष्म सिंचाई पद्धतियों को अपनाकर जल की बचत के साथ उत्पादन एवं गुणवत्ता दोनों में वृद्धि संभव है। उन्होंने बताया कि कृषि एवं उद्यानिकी क्षेत्र के समग्र विकास तथा किसानों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय सेमीनार आयोजित किया गया। सेमीनार में राष्ट्रीय बागवानी मिशन एवं अन्य उद्यानिकी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। सेमीनार के दौरान विभागीय अधिकारियों ने आधुनिक तकनीकों, उन्नत किस्मों, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन तथा कीट-रोग नियंत्रण के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया। इसी क्रम में किसानों को प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना सहित उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, फल एवं सब्जी फसलों के विस्तार, संरक्षित खेती, ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई तथा बागवानी फसलों के गुणवत्तापूर्ण उत्पादन की जानकारी दी गई। इसी के साथ उपस्थित किसानों की समस्याओं एवं सुझावों भी जाने। इस दौरान रामावतार शर्मा, मोतीलाल, सविता बुडानिया सहित अन्य मौजूद रहे।

# धर्मादा संस्था में फिजीशियन सेवाएं प्रारंभ

***-26-27 फरवरी को दिव्यांग शिविर एवं मेगा हेल्थ कैम्प लगेगा***




**शब्बीर हुसैन**

बारां (रॉयल पत्रिका) । सार्वजनिक धर्मादा संस्था, मंडी बारां द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए अब प्रसिद्ध फिजीशियन डॉ. मुस्ताक अहमद अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। संरक्षक एवं लैब कन्वीनर निशांत सेठी ने बताया कि डॉ. मुश्ताक प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक संस्था की लैब में मरीजों को परामर्श देंगे। जिनकी फीस न्यूनतम रखी गई है। संस्था का उद्देश्य आमजन को सुलभ एवं विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है। इसी क्रम में अध्यक्ष प्रमोद बंसल ने बताया कि सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग, बारां के सहयोग से श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, कोटा एवं सार्वजनिक धर्मादा संस्था, मंडी बारां द्वारा 26-27 फरवरी 2026 को दो दिवसीय दिव्यांग शिविर एवं मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन सार्वजनिक धर्मादा संस्था धर्मशाला में प्रातः 9 बजे से सायं 6 बजे तक होगा। शिविर में जयपुर फुट (कृत्रिम पैर), कृत्रिम हाथ (कोहनी के नीचे कटे हाथ हेतु), बैसाखी, कैलिपर्स, ट्राई साइकिल एवं व्हील चेयर का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। मंत्री दिनेश नागर ने बताया कि इसी दिन एक विशाल मेगा हेल्थ कैम्प का भी आयोजन किया जाएगा, जिसका समय प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा। इस कैम्प में संपूर्ण हेल्थ चेकअप पैकेज विशेष रियायत के साथ उपलब्ध रहेगा। संस्था पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक जरूरतमंद दिव्यांगजनों एवं आमजन से शिविर एवं हेल्थ कैम्प का लाभ उठाने की अपील की है।

# भाजपा के 2 साल विकास के, कांग्रेस के 5 साल केवल घोषणाओं के - नरेश सिकरवार

बारां (रॉयल पत्रिका)। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष नरेश सिंह सिकरवार ने राज्य सरकार की दो साल की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने दो वर्षों में सुशासन, विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। भाजपा सरकार ने अपने संकल्प पत्र 2023 के 392 बिंदुओं में से 285 (लगभग 73 प्रतिशत) बिंदुओं को पूर्ण या क्रियान्वयन की प्रक्रिया में लाकर जवाबदेही का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा में सरकार ने दो वर्षों का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत कर स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपरा की शुरुआत की, जिसमें भाजपा के 2 वर्षों और पूर्व कांग्रेस सरकार के 5 वर्षों का तुलनात्मक लेखा-जोखा रखा गया। लेकिन कांग्रेस बहस से भागती नजर आई और तथ्यात्मक चर्चा से बचने का प्रयास किया। सिकरवार ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली कांग्रेस



सरकार ने अपने कार्यकाल में 4148 घोषणाएं कीं, जिनमें से 2208 (53 प्रतिशत) पूरी ही नहीं हो सकीं। अंतिम वर्ष 2023-24 में की गई 1426 घोषणाओं में से 1142 (80 प्रतिशत) पर कोई कार्य नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहद चिंताजनक थी। महिलाओं के खिलाफ अपराधों की घटनाएं लगातार बढ़ रही थीं, जबकि भाजपा सरकार ने सख्त रुख अपनाते हुए महिला अत्याचार के मामलों में 10 प्रतिशत की कमी दर्ज की है। वर्ष 2023 की तुलना में कुल अपराधों में 15 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है। हत्या जैसे जघन्य अपराधों में 25 प्रतिशत तथा लूट के मामलों में 50 प्रतिशत की कमी दर्ज होना इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ है और अपराधियों में भय का वातावरण बना है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार ने दो वर्षों में 2719 बजट घोषणाएं कीं, जिनमें से 90 प्रतिशत की स्वीकृतियां जारी हो चुकी हैं और 80 प्रतिशत घोषणाएं पूर्ण या धरातल पर क्रियान्वित हो चुकी हैं। वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 की घोषणाओं पर भी तीव्र गति से कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश की डबल इंजन सरकार "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" के मंत्र के साथ आगे बढ़ रही है। राजस्थान आज विकास, सुशासन और जनकल्याण का प्रतीक बन चुका है। भाजपा सरकार जनता के बीच अपना रिपोर्ट कार्ड लेकर जा रही है, जबकि विपक्ष केवल हंगामा करने तक सीमित है।

# रहमतों और बरकतों का महीना रमजान है कुरान को तर्जुमा सहित पढे और पढ़ कर समझे- आरिफ खान अखाण

**मोहम्मद अली पठान**

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर सामाजिक कार्यकर्ता आरिफ खान अखाण (एन आर आई) ने माहे रमजान की मुबारकबाद पेश की और कहा कि रमजान रहमतों और बरकतों का महीना है। रमज़ान के रोज़े रखना मुसलमानों पर फ़र्ज़ है। रोज़ेदारों के लिए जन्नत में दाख़िल होने का एक ख़ास दरवाज़ा है, जिसका नाम बाब-ए-रैयान है। इसी महीने में अल्लाह ने क़ुरआन मजीद इंसानों की हिदायत के लिए नाज़िल की। यह इतनी सरल भाषा में उपलब्ध है कि आज हर एक ज़ुबान में इसका तर्जुमा आसानी से किताबों और इस्लामिक ऐप के ज़रिये मिल जाता है। इस किताब को समझने के लिए किसी मौलवी, मुफ़्ती या आलिम की ज़रूरत नहीं है। कोई भी व्यक्ति इसे समझकर और सुनकर हिदायत हासिल कर सकता है। ईमान में दाख़िल होने का मतलब ही बदलाव है। जातिवाद, भाषावाद और क्षेत्रवाद — सब समाप्त हो जाते हैं जब इंसान इसे सही तरह समझ लेता है।अफ़सोस की बात यह है कि बहुत से मुसलमानों ने इसे समझकर नहीं पढ़ा। यह किताब



पूरी इंसानियत को हक़ीक़ी रास्ता दिखाने वाली है। यह साफ़ तौर पर बयान करती है कि इस दुनिया में इंसान को एक इम्तिहान (परीक्षा) के लिए भेजा गया है, जिसका नतीजा मौत के बाद मिलेगा। मुसलमानों को चाहिए कि इस रमज़ान में इस किताब को ज़रूर समझकर पढ़ें, ताकि उन्हें दुनिया और आख़िरत की सही समझ पैदा हो। इस महीने की आख़िरी दस रातों में एक रात लैलतुल क़द्र को तलाश करना है, जो हज़ार महीनों से बेहतर है।रमज़ान के महीने में जो अपनी मग़फ़िरत (माफी) न करवा सके, उसके लिए अफ़सोस के सिवा कुछ नहीं। अल्लाह हम सबको सही दीन समझने की तौफ़ीक़ नसीब फ़रमाए।इसी महीने में आख़िरी नबी हज़रत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम को अल्लाह ने क़ुरआन अता किया। इस महीने में सदक़ा ज़्यादा से ज़्यादा करना चाहिए। ग़रीबों, फ़क़ीरों और मिस्कीनों को ढूँढकर उन्हें उनका हक़ देना चाहिए। ज़कात हम अक्सर इसी महीने में निकालते हैं, तो हमें ज़कात के पैटर्न को भी बदलना चाहिए। सामूहिक ज़कात एक जगह इकट्ठी करके फिर सालभर उसे ज़रूरतमंदों तक पहुँचाते रहना चाहिए। इस्लाम का मतलब ही परिवर्तन है। अपने बाप-दादाओं के रीति-रिवाजों को छोड़कर रोल मॉडल हज़रत मोहम्मद साहब ने बता दिया कि ज़िंदगी कैसे जीनी है। उन्होंने करके दिखाया—चाहे वह सामाजिक व्यवस्था हो, सियासत हो या तौहीद। यह उम्मत क़िस्मत वाली है कि अल्लाह ने इन्हें रोल मॉडल के रूप में हज़रत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम को भेजा, लेकिन इस उम्मत की बदनसीबी यह है कि इसने अपने रोल मॉडल की ज़िंदगी को नहीं पढ़ा। अगला रमज़ान हमें नसीब हो या न हो, आज से ही क़ुरआन का तर्जुमा और नबी की ज़िंदगी पढ़कर अपनी ज़िंदगी को बदलें।

# नन्ही बच्ची सारा अंसारी ओर अदीबा नाज़ पूरे रोज़े रख कर ईबादत में मशगूल

बारां (रॉयल पत्रिका) । रहमतों बरकतों ओर इबादतों का पाकीज़ा महीना रमजानुल मुबारक के पाक महीने में मजहब ए इस्लाम के मानने वाले तमाम लोग रोजा रख कर इबादतों में मशगूल है । जहां बडे बुजुर्ग, नोजवान, महिला, पुरुष रोजा रख रहे हैं वहीं नन्हे बच्चे भी रोज़ा रखकर इबादत में मशगूल है। शहर के बहुराणी साड़ी शोरूम वाले ओर पूर्व ईदगाह सदर सद्दाम हुसैन अंसारी की 7 वर्षीय बेटी सारा अंसारी ने बुधवार को अपना 7वाँ रोज़ा मुकम्मल किया वही बड़ी



बेटी अदीबा नाज़ अंसारी ने 6 रोज़े मुकम्मल कर लिए हैं। परिवार के बाकी लोगों को रोज़े रखते देखकर छोटे बच्चे भी रोज़े रखकर इबादत में मशगूल रहते हैं। जिससे परिवार में खुशनुमा माहौल बना रहता है।

# मेडिकल कॉलेज, एसपी आफिस एवं न्यायाधीशों की कोठियों के आगे से जाता मुख्य रास्तों का हाल दुश्वार

**मोहम्मद अली पठान**

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर मेडिकल कॉलेज और न्यायाधीशों की कोठियों के आगे से मुख्य रास्तो का यह हाल है कि वहां से पैदल जाना भी दुश्वार है तो शहर के आम रास्तों का क्या हाल होगा नहीं तो चूरू प्रशासन संज्ञान लेता है और नगर परिषद नींद में रहती है लगता है कि राज्य सरकार एवं पीएम नरेंद्र मोदी की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने के लिए चूरू में नगरपरिषद को खुली छूट दे दी है। तभी तो स्वच्छ भारत मिशन अभियान सिर्फ मीडिया में फोटो छपवाने तक ही सीमित रह गया है। चूरू नगरपरिषद ने तो न्यायाधीशों को भी नहीं छोड़ा है। उनके आवास के सामने गंदगी के ढेर देखे जा सकते हैं। सड़क टूटी हुई है। इसके बीचों बीच गहरे गड्ढे पड़े हैं। उनमें भरा गंदा पानी विकास के दावों की पोल खोल रहा है। एसीबी, आयकर विभाग, कृषि विभाग, पुलिस अधीक्षक, शिक्षा विभाग, मेडिकल कॉलेज आदि में जाने वालों को पानी से भरे गड्ढों के बीच में से ही गुजरना



पड़ता है। नगरपरिषद और चूरू जिला प्रशासन को कई बार अवगत कराने के बाद भी आज तक कोई समाधान नहीं हुआ है। बजट आता है तो जाता कहां है? यहां फैली गंदगी, टूटी सड़क और गंदा पानी आमजन के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। खुद जज, अधिकारी, डॉक्टर, वकील, शिक्षक, कर्मचारी आदि भी यहां सुखी नहीं हैं। इस मामले में न्यायालय को खुद संज्ञान लेना चाहिए।

# मोहब्बतपुरा में मनाया फागोत्सव महोत्सव

रेनवाल मांजी (रॉयल पत्रिका)। श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर मोहब्बतपुरा में फागोत्सव पूज्य संत भी राम सुमिरन दासजी महाराज वृन्दावन के नेतृत्व में बड़ी धूमधाम से संगीतमय भजनों द्वारा फागोत्सव रंग गुलाल के साथ बडी संख्या में महिला पुरुषों की मौजूदगी में भक्त मंडली द्वारा नाचगान के साथ मनाया गया। मंदिर के पुजारी ओमप्रकाश पारीक के द्वारा लक्ष्मीनारायण भगवान की मनमोहक झांकी सजाई।



फागोत्सव महोत्सव में नवरत्न माहेश्वरी, नानगराम जांगिड़, रामकिशोर जांगिड़, हजारी लाम्बा, रामेश्वर पुनिया व अन्य लोग मौजूद रहे।

# बींझबायला मंडी में चोरों का आतंक, दो लैपटॉप लेकर फरार

**विनोद सोखल**

श्रीगंगानगर/बींझबायला (रॉयल पत्रिका)। बींझबायला मंडी क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला बींझबायला मंडी का है, जहां बीती रात अज्ञात चोर छत के रास्ते एक मकान/दुकान में घुसकर दो लैपटॉप चोरी कर ले गए। जानकारी के अनुसार, चोर देर रात छत से कूदकर अंदर दाखिल हुए और मौके का फायदा उठाते हुए दो लैपटॉप उठाकर फरार हो गए। घटना के समय अंदर मौजूद लोग सो रहे थे, जिससे उन्हें चोरी की भनक तक नहीं लगी। सुबह जब सामान की जांच की गई तो दो लैपटॉप गायब मिले। पीड़ित ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। मंडी क्षेत्र के व्यापारियों में इस घटना के बाद डर और रोष का माहौल है। स्थानीय लोगों ने रात में गश्त बढ़ाने और चोरों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और संदिग्धों की तलाश जारी है।

## सूचना

**समाचार पत्र में प्रकाशित लेखों में लेखक के अपने विचार हैं, इनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।**

# शेखावाटी फाल्गुन महोत्सव स्वर्गीय भगवान दास सातडा वाला की स्मृति में आयोजित

**मोहम्मद अली पठान**



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर शेखावाटी फाउंडेशन चूरू द्वारा स्वर्गीय भगवान दास सातड़ा वाला की स्मृति में शेखावाटी फाल्गुन महोत्सव का आयोजन दादाबाड़ी में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़, पूर्व विधायक रतनगढ़ अभिनेष महर्षि, विजय कुमार सराफ, राजकुमार अग्रवाल जयपुर, हरिओम शर्मा शेखावाटी फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक, पशुपति शर्मा सीकर, पूर्व प्रधान रणजीत सातड़ा, पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया, पूर्व सभापति विजय कुमार शर्मा, मोहम्मद हुसैन निर्माण, संत श्री गुलाब नाथ महाराज, अनुराग शर्मा मंचस्थ थे। शेखावाटी फाल्गुन महोत्सव में चूरू सहित बिसाऊ, राजलदेसर सात्युं से ढप व गींधड़ पार्टी सीकर से योगी शर्मा कलाकार ने अपनी शानदार प्रस्तुतियां दी सभी कलाकारों ने राजस्थानी लोकगीतों के द्वारा दर्शकों का शानदार मनोरंजन किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने चंग बजाकर गणेश वंदना से इस कार्यक्रम की भव्य शुरुआत की तथा पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ ने शानदार गायन प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन मुकुल भाटी ने किया। सभी कलाकारों का शेखावाटी फाउंडेशन द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि वर्तमान युग में राजस्थान लोक कला व गीतों को संरक्षण करना बहुत आवश्यक है। शेखावाटी फाउंडेशन द्वारा किए गए इस कार्यक्रम से लोकगीतों राजस्थानी संस्कृति को बचाए रखने की प्रेरणा दी है। कार्यक्रम में विश्वनाथ शर्मा, राजगुरु राजेंद्र शर्मा, राम अवतार लोहिया, महेश हारीत, आयुष चौबे, संदीप पाटिल, बंटी सराफ, प्रमोद सराफ, अमित सराफ, जगन्नाथ सराफ, राजेंद्र ठठेरा, डॉ. प्रमोद बाजोरिया, पवन बगड़िया, मुरली ऊंटवालिया, सरवन कुमार भाटी, पवन पीपलवा, सोहन शर्मा, पंकज ओझा, बाबू पाटिल, योगेश गौड, महेश मिश्रा, सुरेश मिश्रा, कालूराम महर्षि, महेश गौड, विजय सारस्वत, कैलाश नोवल, विमल पार्षद, श्रीराम शर्मा, हरदत सहारण, शंभू दयाल शर्मा, नरेंद्र कुमार इंदौरया रतनगढ़, महावीर महर्षि रतनगढ़, निखिल इंदौरिया पार्षद रतनगढ़ सहित बड़ी संख्या में उपस्थित मातृशक्ति ने इस कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया।

# सरस्वती ग्रामोत्थान विद्यापीठ बींझबायला के विद्यार्थियों का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण सम्पन्न

**विनोद सोखल**



श्रीगंगानगर/बींझबायला (रॉयल पत्रिका)। सरस्वती ग्रामोत्थान विद्या पीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय, बींझबायला के 50 विद्यार्थियों का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह भ्रमण विद्यालय के शिक्षक सुरेन्द्र भादू एवं श्रीमती परमजीतकौर के कुशल नेतृत्व में आयोजित किया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने हनुमानगढ़ के ऐतिहासिक व सांस्कृतिक स्थलों—भटनेर दुर्ग, भद्रकाली मंदिर, बाबा दीपसिंह गुरुद्वारा, सेंट्रल पार्क तथा कालीबंगा सभ्यता—का अवलोकन किया। इन स्थलों पर विद्यार्थियों ने इतिहास, संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और सिंधु घाटी सभ्यता से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों की जानकारी प्राप्त की, जिससे उनका शैक्षणिक ज्ञान समृद्ध हुआ। इस अवसर पर भ्रमण दल को विद्यालय के प्रधानाचार्य ओमप्रकाश खुडिया, मनोविज्ञान व्याख्याता भूपेंद्र यादव, हिन्दी व्याख्याता गुरदर्शन सिंह एवं शारीरिक शिक्षक भीम सिंह सिहाग ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। संस्था प्रबंधक अनिल खालिया, डायरेक्टर सी. एल. रांका एवं प्रधानाचार्य ओमप्रकाश खुडिया ने शैक्षणिक भ्रमण को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि ऐसे भ्रमण पुस्तकीय ज्ञान को व्यवहारिक अनुभव से जोड़ते हैं और विद्यार्थियों में जिज्ञासा, अनुशासन व सामूहिकता की भावना विकसित करते हैं। विद्यालय परिवार ने इस सफल शैक्षणिक भ्रमण के लिए सभी सहयोगी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं।

# स्वस्थ शरीर और सुदृढ़ मन के निर्माण में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका

## -चार दिवसीय खेल महोत्सव का हुआ शुभारम्भ



सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय सवाई माधोपुर द्वारा दशहरा मैदान में बुधवार को चार दिवसीय खेल महोत्सव का शुभारम्भ किया गया। महोत्सव के पहले दिन विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिली। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी कजोड़मल ने खेलों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर और सुदृढ़ मन के निर्माण में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। नियमित खेल गतिविधियाँ न केवल शारीरिक क्षमता को बढ़ाती हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व कौशल का भी विकास करती हैं।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सैयद बलीग अहमद ने वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक परिवेश में खेलों को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए अनिवार्य बताते हुए विद्यार्थियों को सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय खेल महोत्सव के अंतर्गत क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कबड्डी, कैरम, शतरंज एवं रस्सा-कशी सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान तेजसिंह जाट, कमलेश कुमार, अरविंद कुमार, अनिल सिंह एवं शारीरिक शिक्षकों द्वारा नियमानुसार प्रतियोगिताओं का सफल संचालन किया गया। खेल महोत्सव का पहला क्रिकेट मुकाबला सेमेस्टर चतुर्थ एवं सेमेस्टर तृतीय के मध्य खेला गया, जिसमें रोमांचक प्रदर्शन देखने को मिला। सेमेस्टर चतुर्थ के छात्र संतराम सैनी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए अपनी टीम को विजय दिलाई और 'मैन ऑफ द मैच' घोषित किए गए। इसी प्रकार छात्रों की रस्साकशी प्रतियोगिता में सेमेस्टर पंचम ने सेमेस्टर प्रथम को पराजित कर जीत हासिल की, जबकि छात्राओं की रस्साकशी में सेमेस्टर प्रथम ने सेमेस्टर तृतीय को हराकर विजय प्राप्त की। खेल महोत्सव का समापन 28 फरवरी 2026 को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ होगा। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ मोहम्मद साजिद खान, रामजी लाल, बाबूलाल बैरवा एवं आशीष महावर द्वारा अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

# सेवा, सौहार्द और सफलता के 21 वर्ष: इनरव्हील क्लब बारां का चार्टर डे गरिमामय आयोजन हुआ




बारां (रॉयल पत्रिका)। इनरव्हील क्लब बारां का 21वां चार्टर डे समारोह शहर के एक निजी रेस्टोरेंट में उल्लास, आत्मीयता और गरिमा के साथ मनाया गया। क्लब अध्यक्ष नीतू गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ चार्टर प्रेसिडेंट ललिता टोंग्या, जिला प्रमुख उर्मिला जैन भाया, क्लब पिलर्स बिंदु मारू, मृदुला मारू, अनिता सेठी एवं वर्तमान पदाधिकारियों द्वारा सद्भावना की केंडल प्रज्वलित कर किया गया। इनरव्हील प्रेयर त्रिशला जैन और प्रेरणा शर्मा ने प्रस्तुत की। संचालन अनिता सेठी ने प्रभावशाली शैली में किया। चार्टर प्रेसिडेंट ललिता टोंग्या ने क्लब की 21 वर्ष पूर्व हुई स्थापना को स्मरण करते हुए बताया कि स्थापना काल से ही क्लब ने महिला सशक्तिकरण एवं सेवा कार्यों में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। वर्ष 2005 से अब तक 11 बार जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित होना क्लब की गौरवपूर्ण उपलब्धि है। पूर्व अध्यक्ष उर्मिला जैन ने क्लब स्थापना में बिंदु प्रदीप मारू के योगदान की सराहना की। तत्पश्चात पूर्व अध्यक्षों एवं मंत्रियों ने अपने-अपने कार्यकाल की उपलब्धियों को साझा कर अनुभवों की सुंदर श्रृंखला प्रस्तुत की। सभी प्रेसिडेंट-सेक्रेटरी की जोड़ियां स्काय ब्लू परिधान में आकर्षण का केंद्र रहीं। "आई लव इनरव्हील" गेम एवं हाउजी ने कार्यक्रम में उत्साह का संचार किया। ललिता-मृदुला और उर्मिला-बिंदु की जोड़ियों ने विशेष समन्वय के साथ सभी का मन मोह लिया और पारितोषिक प्राप्त किया। अनिता-बिंदु, बिंदु-सुमन, इंद्रा गालव, मीना अरोड़ा, सुमन-चन्दा, चन्दा-विनीता, त्रिशला-शिल्पा, सीमा-किरण, नीतू-सीमा तथा आगामी चंद्रकला-चारु की जोड़ियों का तिलक, माला एवं आकर्षक उपहारों के साथ मंच पर सम्मान किया गया। कार्यक्रम की सफलता में ट्रेजरार मंजू बंसल, दिव्या जैन एवं शीला गोयल का विशेष सहयोग रहा। अंत में सचिव सीमा सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। चार्टर डे समारोह ने सेवा, मित्रता और समर्पण के 21 वर्षों की स्वर्णिम यात्रा को हर्षोल्लास के साथ स्मरणीय बना दिया।

# संत रामपाल महाराज की प्रेरणा: नोटरी पब्लिक ने अपने सगे भाई के साथ की देहदान की घोषणा

**मोहम्मद अली पठान**



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल महाराज की प्रेरणा से चूरू में नोटरी पब्लिक राम कुमार सुंडा ने अपने सगे छोटे भाई रणजीत सिंह सुंडा के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल कॉलेज पहुंचकर प्राचार्य डॉक्टर एम एम पुकार के समक्ष देहदान करने की घोषणा की है। निकटवर्ती गांव सोमासी निवासी स्वर्गीय गणेशा राम सुंडा के पुत्र राम कुमार सुंडा उम्र 78 वर्ष और रणजीत सिंह सुंडा उम्र 62 वर्ष ने कॉलेज में देहदान करने का स्वेच्छा से आवेदन पत्र भरकर प्राचार्य डॉक्टर एम एम पुकार को दिया। यहां सुंडा ने कहा कि हमारे आध्यात्मिक गुरु संत रामपाल महाराज द्वारा समाज और देश हित में किए जा रहे बिना दहेज के विवाह, नशा मुक्ति, रक्तदान, देहदान जैसे नेक कार्यों से प्रेरित होकर दोनों भाईयों ने देहदान करने का स्वेच्छा से निर्णय लिया है। इस मौके पर राम कुमार सुंडा के पुत्र कमल सुंडा और रणजीत सिंह सुंडा के पुत्र शिवकरण सुंडा आदि सहित अन्य मौजूद रहे।

# रात्रि चौपाल में जिला कलेक्टर ने सुनी जनसमस्याएं, त्वरित समाधान के दिए निर्देश



झुंझुनूं (रॉयल पत्रिका)। डॉ. अरुण गर्ग की अध्यक्षता में मंगलवार को रा. उ.मा. विद्यालय, ग्राम पंचायत कलाखरी, पंचायत समिति बुहाना में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं जिला प्रशासन के समक्ष रखीं। रात्रि चौपाल के दौरान जिला कलेक्टर डॉ गर्ग ने ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों की समस्याओं को मौके पर ही सुनना और उनका प्रभावी समाधान करना है। चौपाल में पेयजल, विद्त आपूर्ति, सड़क मरम्मत, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं एवं राजस्व संबंधी प्रकरणों से जुड़ी शिकायतें सामने आईं। जिला कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर जिला परिषद सीईओ कैलाश यादव, बुहाना उपखंड अधिकारी पूनम मीणा, सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर समेत जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# स्वच्छता अभियान के प्रदेश ब्रांड एम्बेसेडर के. के. गुप्ता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पत्रकारो से वार्ता की

**मोहम्मद अली पठान**




चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पूर्व प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र सिंह राठौड़ के आवास पर प्रेस वार्ता में स्वास्थ्य अभियान के प्रदेश ब्रांड एंबेसडर के के गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता अभियान अब प्रत्येक भारतीय का संस्कार बन गया है और हर व्यक्ति ने इसको अपने जीवन में अंगीकार कर लिया है। उन्होने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार देश स्वच्छ बनकर स्वस्थ बनने की और अग्रसर है। उन्होने कहा कि हमारे मंदिरो स्कूलो अस्पतालो में स्वच्छता अभियान जोर शोर से चल रहा है। उन्होने कहा कि जब प्रधानमंत्री ने लाल किले से खड़े होकर स्वच्छता अभियान का श्रीगणेश किया तो कुछ विपक्षी लोगो ने इसका मजाक उड़ाया परन्तु अब इसका सकारात्मक प्रभाव देश में दिखाई दे रहा है। उन्होने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार स्वच्छता अभियान को लेकर अनेक कदम उठा रही है। जिससे प्रदेश में यह अभियान लोगो के संस्कार में शामिल हो रहा है। इस अवसर पर स्वच्छता अभियान के जिला संयोजक भंवर गुर्जर ने कहा कि इस अभियान को प्रारंभ करने का उदेश्य देश को स्वच्छता के मायने में विश्व स्तर पर सम्मान दिलाना है। उन्होने कहा कि जिले में लगातार हम सब हमारे नेता पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ विधायक हरलाल सहारण एवं जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा के नेतृत्व में लगातार कार्य कर रही है इसका परिणाम जिले में सकारात्मक पड़ रहा है।उन्होने चूरू में टेम्पो टैम्पर के माध्यम से घर घर कचरा संग्रहण के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इससे चूरू में स्वच्छता अभियान शानदार तरीके से चल रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम के सहसंयोजक भागीरथ सैनी, शिवकुमार शर्मा, सोशल मीडिया जिला सहसंयोजक सुरेश मिश्रा, मीडिया जिला सहसंयोजक नीरज जांगिड़, सुनील खटीक, तेजपाल शर्मा, ओम प्रकाश मोत्याण, हंसराज सैनी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अजमेर में होने वाली सभा को लेकर की गई कार्यकर्ताओं की बैठक

## -ढाई हजार से अधिक कार्यकर्ता जाएंगे चूरू जिले से अजमेर

**मोहम्मद अली पठान**



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ के चूरू आवास पर आगामी 28 फरवरी 2026 शनिवार को कायड़ विश्रामस्थली अजमेर में आयोजित होने वाली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा में चूरू जिले से जाने वाले कार्यकर्ताओ की बैठक जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। कार्यक्रम में जिला संगठन प्रभारी विजय आचार्य, विश्वकर्मा कौशल बोर्ड के चेयरमेन रामगोपाल सुथार, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, राष्ट्रिय परिषद् सदस्य ओम सारस्वत, सुजानगढ़ विधानसभा प्रत्याशी संतोष मेघवाल मचस्थ रहे। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए कहा कि विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता नरेन्द्र मोदी राजस्थान की अजमेर धरा पर आ रहे है इसमें चूरू से ढाई हजार की संख्या में कार्यकर्ता अनेक बसों द्वारा प्रधानमंत्री को सुनने के लिए जायेगे। उन्होने बताया कि 27 फरवरी रात्री को बसो द्वारा कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हो जायेगे क्योंकि प्रधानमंत्री कार्यक्रम स्थल पर सुबह 10.30 बजे पहुंच जायेगे। उन्होने सभी कार्यकर्ताओ से आग्रह किया कि इस ऐतिहासिक सभा में सभी अपना योगदान दे।कार्यक्रम में बोलते हुऐ विश्वकर्मा बोर्ड के चेयरमेन रामगोपाल सुथार ने कहा कि चूरू जिला संगठन की दृष्टि से मजबूत जिला है। जबभी संगठन ने कार्यकर्ताओ को आवाज दी तो चूरू का कार्यकर्ता पुरे जोश के साथ संगठन के कार्यक्रमो में अपनी शिरकत करता है। उन्होने सभी कार्यकर्ताओ से कहा कि वे इस ऐतिहासिक सभा में शामिल होकर प्रधानमंत्री के उद्बोधन को सुने। जिला संगठन प्रभारी विजय आचार्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। और कार्यकर्ताओ से ही संगठन का निर्माण होता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राजस्थान आगमन से कार्यकर्ताओ में जबरदस्त उत्साह है और इस उत्साह से सभी कार्यकर्ता कार्यक्रम स्थल पर जाने को लालायित है। पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां ने कहा कि इस कार्यक्रम के लिए सभी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है और हम सब प्रधानमंत्री को सुनने के लिए लालायित हैं। विधानसभा प्रत्याशी संतोष मेघवाल ने भी कार्यकर्ताओ से ज्यादा से ज्यादा संख्या में कार्यक्रम स्थल पर जाने की अपील की। धन्यवाद देते हुऐ राष्ट्रिय परिषद् सदस्य ओम सारस्वत ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी और हमारे सबके प्रेरणास्त्रोत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आगमन हम सब में उर्जा का संचार करेगा। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अभिषेक चोटिया ने किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने सभी 6 विधानसभा के पदाधिकारियों को दायित्व प्रदान किया कि वे अपने अपने क्षेत्रो में ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ताओ को कार्यक्रम स्थल लाने की व्यवस्था करें। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक पदमसिंह राठौड़, अजीत सिंह राठौड़, अर्जुनसिंह फ्रांसा, जिला उपाध्यक्ष भास्कर शर्मा, नरेन्द्र काछवाल, नरेश सहारण, नरेन्द्र सैनी, मोहन खारड़िया, मधुसुदन राजपुरोहित, निवर्तमान उपजिला प्रमुख महेन्द्र न्यौल, जमरदीन तेली, जिला मंत्री संदीप काजला, सत्तार खांन, पवन माहेश्वरी, जिला सहकोषाध्यक्ष रचना कोठारी, मण्डल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत, निर्वतमान प्रधान दीपचन्द राहड़, निर्वतमान सभापति राजकरण चौधरी, मोर्चा जिलाध्यक्ष मुरलीधर सैनी, अजीत मेघवाल, अख्तर खान, जिला मीडिया संयोजक रवि दाधीच, जिला आईटी संयोजक रमेश शर्मा, सहसंयोजक नोमान खान, मोहनलाल गढ़वाल, कपिल चंदेल, रजत शर्मा, ओम इंदौरिया, कमल सैनी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कैम्पस प्लेसमेंट शिविर में 300 युवाओं ने लिया भाग, 124 का प्रारंभिक चयन



हनुमानगढ़ (रॉयल पत्रिका)। बेरोजगार युवाओं को सरकारी के साथ निजी क्षेत्र में रोजगार अवसर उपलब्ध कराने और स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से मंगलवार को हनुमानगढ़ जंक्शन स्थित जिला रोजगार कार्यालय परिसर में एक दिवसीय कैम्पस प्लेसमेंट शिविर आयोजित किया गया। शिविर में लगभग 300 से अधिक अभ्यर्थियों ने भाग लेकर विभिन्न कंपनियों और संस्थानों से सीधे संवाद किया। जिला रोजगार अधिकारी विनोद गोदारा ने बताया कि शिविर में निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के 7 संस्थानों ने भाग लिया। इनमें भारतीय जीवन बीमा निगम हनुमानगढ़, बाबादीप सिंह सिक्योरिटी सर्विस श्रीगंगानगर, एचडीएफसी बैंक हनुमानगढ़, गैलेक्सी फर्टिलाइजर केमिकल्स श्रीगंगानगर, रिलायंस स्मार्ट हनुमानगढ़, एलान्स स्किल्स एजुकेशन टेक प्रा. लि. तथा ऑरिक मोटर्स प्रा. लि. आदि संस्थानों ने स्टॉल लगाकर अभ्यर्थियों का मार्गदर्शन किया। शिविर में निजी कंपनियों द्वारा 97 अभ्यर्थियों, प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा 12 तथा स्वरोजगार योजनाओं के लिए 15 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन किया गया। इन 124 अभ्यर्थियों का अंतिम चयन प्रशिक्षण, ऋण स्वीकृति अथवा संस्थागत प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद किया जाएगा। गोदारा ने बताया कि ऐसे शिविर युवाओं और संस्थाओं के बीच संवाद का प्रभावी मंच प्रदान करते हैं। विभाग का उद्देश्य अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार, कौशल विकास और स्वरोजगार से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि वर्ष भर इस प्रकार के और कैम्पस प्लेसमेंट शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिकाधिक युवाओं को लाभ मिल सके।

# मंडावा में घुमंतू परिवारों को मिल रही पहचान

## -तहसीलदार की पहल से जारी हुए जन्म प्रमाण पत्र



मंडावा (रॉयल पत्रिका)। मंडावा तहसील में पदस्थापित तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर द्वारा घुमंतू एवं अर्धघुमंतु समुदाय के परिवारों को आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने की दिशा में पहल की जा रही है। गौरतलब है कि दस्तावेजों के अभाव में वंचित रह रहे परिवारों के प्रकरणों को प्राथमिकता से निस्तारित किया जा रहा है, जिससे वे सरकारी योजनाओं, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले सकें। तहसील प्रशासन के अनुसार, जैसे ही किसी ऐसे परिवार की जानकारी मिलती है, जिनके पास जन्म प्रमाण पत्र या अन्य आवश्यक दस्तावेज नहीं हैं, संबंधित प्रकरणों को नियमानुसार प्रक्रिया में लेकर त्वरित कार्रवाई की जाती है। आवेदन की औपचारिकताएं पूर्ण करवाने के बाद पात्र व्यक्तियों को जन्म प्रमाण पत्र की अनुज्ञा जारी की जा रही है।

इसी क्रम में मेहरादासी ग्राम पंचायत क्षेत्र के एक बाँवरिया परिवार के तीन सदस्यों को जन्म प्रमाण पत्र की अनुज्ञा प्रदान की गई। दस्तावेजों के अभाव में ये परिवार विभिन्न सरकारी सुविधाओं एवं बच्चों की शिक्षा से वंचित थे। प्रमाण पत्र जारी होने के बाद अब उन्हें योजनाओं का लाभ लेने और बच्चों के विद्यालय प्रवेश में सुविधा मिलने की संभावना है। गौरतलब है कि घुमंतू एवं अर्धघुमंतु समुदाय के कई परिवार वर्षों से पहचान संबंधी दस्तावेजों से वंचित रहे हैं, जिसके कारण उन्हें शैक्षणिक एवं सामाजिक सुविधाओं में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। तहसील स्तर पर की जा रही यह पहल ऐसे परिवारों को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक प्रयास के रूप में देखी जा रही है। स्थानीय स्तर पर इस पहल को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। प्रशासन का कहना है कि भविष्य में भी पात्र परिवारों के प्रकरणों को नियमानुसार प्राथमिकता से निस्तारित किया जाता रहेगा।


# छबड़ा में एलपीजी के पांच घरेलू सिलेण्डर जब्त



बारां (रॉयल पत्रिका)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के निर्देशानुसार जिले में एलपीजी के दुरूपयोग और अवैध रिफिलिंग के विरूद्व संचालित अभियान के अंतर्गत रसद विभाग के प्रवर्तन निरीक्षकों की टीम ने बुधवार को छबड़ा में कार्यवाही करते हुए पांच सिलेण्डर जब्त किए। जिला रसद अधिकारी विश्वजीत सिंह ने बताया कि जिले मे एलपीजी दुरूपयोग और अवैध रिफिलिंग के विरूद्ध संचालित अभियान के अंतर्गत रसद विभाग के प्रवर्तन अधिकारी संदीप झांकल के नेतृत्व में प्रवर्तन निरीक्षकों की संयुक्त टीम ने छबड़ा में बालाजी स्वीट्स पर प्रवर्तन कार्यवाही को अंजाम दिया। जहां मौके पर 5 घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त किए गए। कार्यवाही मे एलपीजी (वितरण आपूर्ति विनियमन) आदेश 2000 के नियमों के शर्त संख्या 3,4,5 एवं 7 का उल्लघंन पाए जाने पर विभागीय नियमानुसार जब्त एलपीजी सिलेण्डर नजदीकी गैस एजेन्सी को सुपुर्द कर प्रकरण तैयार किया गया। संयुक्त टीम में प्रवर्तन निरीक्षक रविन्द्र मील, संतोष कुमार मीना, रविन्द्र मीना शामिल रहे।

# पूजा भट्ट

## जब खुद को खोने से बचाने के लिए खत्म कर दी 11 साल की शादी



बॉलीवुड की दुनिया में कई सितारे अपने करियर और निजी जिंदगी को लेकर लगातार चर्चाओं में रहते हैं, लेकिन कुछ कलाकार ऐसे भी हैं, जो अपनी पसंद से जिंदगी को जीना चुनते हैं। उनमें से एक नाम है पूजा भट्ट, जिन्होंने अपनी जिंदगी में सभी फैसले खुद लिए। उनका साफ कहना है कि वह अपनी जिंदगी उसी तरह जीना चाहती हैं, जैसे वह चाहें बिना किसी दबाव या सामाजिक अपेक्षाओं के। पूजा भट्ट फिल्मों, विवादों और परिवार के कारण काफी सुर्खियों में रहीं। महेश भट्ट की बेटी होने के बावजूद उन्होंने खुद की अलग पहचान बनाने के लिए कड़ी मेहनत की। उनकी जिंदगी में कई मोड़ आए, जहां उन्होंने अपने फैसले खुद लिए। पूजा ने 17 साल की उम्र में फिल्म 'डैडी' से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। इसके बाद उन्होंने कई चर्चित फिल्मों में काम किया, जिनमें 'दिल है कि मानता नहीं', 'सड़क', 'जख्म', और 'सनम तेरी कसम' जैसी फिल्में शामिल हैं। अपने पेशेवर जीवन से अलग वह निजी जीवन को लेकर भी चर्चाओं में रहती हैं। पूजा ने साल 2003 में मनीष मखीजा से शादी की और 11 साल बाद दोनों ने तलाक का फैसला किया।



# तारा सुतारिया

## ने खरीदा सपनों का आशियाना



अभिनेत्री तारा सुतारिया अपने काम से ज्यादा निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों का हिस्सा रहती हैं। उन्होंने हाल ही में नया घर ले लिया है। सोमवार को अभिनेत्री ने इसकी कुछ झलक अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की। तस्वीरों में वे अपने आलिशान घर में बैठी और शानदार अंदाज में पोज देती दिख रही हैं। अभिनेत्री ने अपने घर के रंग से मैच करते हुए साड़ी पहन रखी है। अभिनेत्री ने लिखा, 'नई शुरुआत के नाम...अपने पहले घर में ढेर सारी हंसी और प्यार के साथ और साल 2026 का खुले दिल और बाहों के साथ स्वागत करते हुए।' अभिनेत्री का पोस्ट सभी को पसंद आ रहा है। उनके फैंस और दोस्त कमेंट सेक्शन पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कृष्णा श्रॉफ ने लिखा, 'ब्यूटिफुल।' अभिनेत्री का करियर काफी शानदार रहा है। भले ही तारा कम फिल्मों में नजर आई हैं, लेकिन वह अपनी मौजूदगी से दर्शकों के दिलों में गहरी छाप छोड़ती हैं। तारा अभिनेत्री होने के साथ कमाल की गायिका भी हैं। उन्होंने अपना करियर गायिकी से ही शुरू किया था। सबसे पहले वे एक टीवी शो में गायिकी के लिए नजर आई थीं और फिर 'द सूट लाइफ ऑफ करण एंड कबीर' व 'ओए जस्सी' में अभिनय किया। फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2' के जरिए तारा ने बॉलीवुड में कदम रखा था, जिसके लिए फिल्मफेयर ने उन्हें बेस्ट डेब्यूडेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया।

# सैयामी खेर

## बोलीं-कमजोरी दिखाना सबसे बड़ी चुनौती

**विक्रम फडनीस के सोशल ड्रामा में दिखेगा नया अंदाज**


फिल्म इंडस्ट्री को घूमर जैसी फिल्में दे चुकीं एक्ट्रेस सैयामी खेर अपनी अपकमिंग अनटाइटल्ड सोशल ड्रामा को लेकर उत्साहित है। शूटिंग में व्यस्त सैयामी का मानना है कि स्क्रीन पर कमजोरी और भावनात्मक पक्ष दिखाना शारीरिक रूप से मुश्किल रोल निभाने से कहीं ज्यादा चुनौतीपूर्ण होता है। सैयामी खेर फिलहाल विक्रम फडनीस के निर्देशन में बन रही बिना टाइटल वाली सोशल ड्रामा फिल्म में काम कर रही हैं, जिसमें वह अपने विनम्र और भावनात्मक पक्ष को दर्शकों को दिखाने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म में सैयामी के साथ ताहिर राज भसीन भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की शूटिंग चल रही है। मेकर्स ने अभी रिलीज डेट की घोषणा नहीं की है। सैयामी खेर ने वह इस प्रोजेक्ट का हिस्सा क्यों बनीं या अपकमिंग फिल्म में अपने किरदार को लेकर उन्हें क्या बात सबसे पसंद आई। उन्होंने बताया, 'मैंने अब तक ज्यादातर ऐसे किरदार निभाए हैं जो फिजिकली बहुत डिमांडिंग थे। उन रोल्स ने मुझे एक एक्ट्रेस के तौर पर काफी मजबूत बनाया है, लेकिन यह नई फिल्म बहुत अलग है। यह ज्यादा सॉफ्ट, ज्यादा इमोशनल है और बाहर की एक्शन के बजाय अंदरूनी सफर पर केंद्रित है। इसी वजह से मुझे यह प्रोजेक्ट बहुत पसंद आया। 'जाट, रे, मिर्ज़्या, मौली, चोक्ड, वाइल्ड डॉग जैसी फिल्मों और स्पेशल ऑप्स, फाड़ू जैसी सीरीज में काम कर चुकीं सैयामी ने बताया कि वह इस फिल्म को लेकर बेहद उत्साहित हैं। इस फिल्म में उनका अलग अंदाज देखने को मिलेगा। सैयामी ने कहा, 'कभी-कभी कमजोरी दिखाना कहीं ज्यादा मुश्किल होता है और मैं उस स्पेस को एक्सप्लोर करने के लिए काफी उत्सुक हूं। 'सैयामी ने हाल ही में प्रियदर्शन निर्देशित एक्शन थ्रिलर हैवान की शूटिंग पूरी की है। इस फिल्म में उनके साथ अक्षय कुमार और सैफ अली खान नजर आएंगे। शारिब हाशमी भी अहम भूमिका में हैं।

## विक्की कौशल ने बयां किया पिता बनने का जादुई एहसास



नवंबर 2025 में अपने बेटे विहान का स्वागत करने के बाद, विक्की कौशल ने पहली बार पितृत्व और अपनी पत्नी कैटरीना के 'वॉरियर' अवतार पर खुलकर बात की है। विक्की ने कैटरीना को एक 'वॉरियर मदर' बताते हुए उनके जज्बे को सलाम किया है। बॉलीवुड के सबसे चहेते जोड़ों में से एक, विक्की कौशल और कैटरीना कैफ, इन दिनों अपने जीवन के सबसे खूबसूरत सफर का आनंद ले रहे हैं। विक्की ने कैटरीना को एक 'वॉरियर मदर' बताते हुए उनके जज्बे को सलाम किया है। हाल ही में नेहा धूपिया के साथ 'द के एक कार्यक्रम में बातचीत के दौरान, विक्की कौशल अपनी भावनाओं को रोक नहीं पाए। जब उनसे पूछा गया कि एक नए पिता के रूप में उन्हें कैसा महसूस हो रहा है, तो उन्होंने सारा श्रेय कैटरीना को दिया। कौशल ने कहा, 'वह अभी तीन महीने का है, जब बच्चा तीन महीने का होता है तो एक पिता को बहुत कम करना होता है, मैं बस एक चीयरलीडर बनने की कोशिश कर रहा हूं, और मैं उसके बड़े होने का इंतज़ार कर रहा हूं ताकि मैं और ज़्यादा योगदान दे सकूं। 'उन्होंने इस दौरान कैटरीना कैफ के रोल की तारीफ़ करते हुए कहा, 'अभी, मां (कैटरीना) सुपरहीरो बन रही हैं, और वह अपनी प्रेग्नेंसी के दौरान एक वॉरियर रही हैं, और वह एक मां के तौर पर भी एक वॉरियर रही हैं। मुझे उन पर बहुत गर्व है और मैं उनसे बहुत प्यार करता हूं। '

## वो सिर्फ यंग लड़कों संग काम करना चाहती हैं हीरोइनें संग फिल्म करने को लेकर बोले अनिल कपूर



अनिल कपूर फिल्म सूबेदार को लेकर खबरों में हैं। हाल ही में इसका ट्रेलर लॉन्च हुआ। इस ट्रेलर में अनिल कपूर ने अपने काम को लेकर बात की। साथ ही हीरोइनों के साथ काम करने को लेकर भी रिएक्ट किया। एक्टर अनिल कपूर फिल्म सूबेदार में नजर आने वाले हैं। फिल्म में अनिल कपूर का दमदार रोल देखने को मिलेगा। फिल्म का जबरदस्त ट्रेलर रिलीज हो गया है। हर कोई इसकी तारीफ कर रहा है। इस फिल्म के ट्रेलर लॉन्च में अनिल कपूर ने हीरोइनों के साथ काम करने को लेकर बात की. उन्होंने कहा कि आजकल कोई हीरोइन उनके साथ काम नहीं करना चाहती हैं। सूबेदार के ट्रेलर लॉन्च में अनिल कपूर से सवाल किया गया था कि अनिल का उनकी सारी हीरोइनों के साथ कैसा इक्वेशन है? इस पर अनिल ने मजाकिया अंदाज में कहा, 'आजकल कोई हीरोइन मेरे साथ काम करने को रेडी ही नहीं हैं. क्या करें यार. वो सिर्फ यंग बॉयज के साथ काम करना चाहती हैं. जो सीनियर भी हैं वो भी मेरे साथ काम करने को तैयार नहीं हैं. आप मेरे लिए जरा बोल दीजिए। तो हीरोइनों के बारे में क्या बोलूं और पास्ट के बारे में क्या बात करनी. फ्यूचर के बारे में बात करिए. प्रजेंट के बारे में बात करिए. सूबेदार के बारे में बात करिए।'



# टिस्का चोपड़ा

## ने शेयर किया घर से काम करने का 'दर्द'

अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वे जिंदगी के कुछ खास पलों की यादें फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। उन्होंने भी कुछ ऐसा ही करते हुए एक मजेदार पोस्ट शेयर किया। अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने बताया कि आराम और काम के बीच संतुलन बनाना बेहद जरूरी है। उन्होंने लिखा, 'घर से काम करना सुनने में बहुत अच्छा लगता है, लेकिन जब दो लेखक एक ही डाइनिंग टेबल पर काम करें तो मुश्किल हो जाता है। मुझे समझ आया है कि घर में साफ सीमाएं होना बहुत जरूरी है, ऐसी जगह जहां आप ध्यान से काम कर सकें, समय पर काम खत्म करें, और फिर सुकून से घर जैसा महसूस कर सकें। काम काम की जगह रहे और घर, घर जैसा ही रहे।' अभिनेत्री का यह पोस्ट फैंस को काफी पसंद आ रहा है। वे कमेंट सेक्शन पर तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। टिस्का चोपड़ा का अभिनय करियर काफी शानदार रहा है। भले ही टिस्का चोपड़ा पर्दे पर कम नजर आईं, लेकिन वह अपनी मौजूदगी से दर्शकों के दिलों में गहरी छाप छोड़ती हैं। अभिनेत्री पिछली बार फिल्म 'मर्डर मुबारक' में नजर आई थीं, जो 15 मार्च 2024 को रिलीज हुई थी। इससे पहले, उनकी तेलुगु क्राइम थ्रिलर फिल्म 'हिट: द थर्ड केस' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में उन्होंने एडीजीपी कर्णिका आहूजा का रोल प्ले किया था। टिस्का ने हाल ही में फिल्म साली मोहब्बत से निर्देशन में डेब्यू किया है। इस फिल्म में राधिका आप्टे, दिव्येंदु, अनुराग कश्यप और वेटरन एक्टर शरत सक्सेना मुख्य भूमिका में हैं। इसका निर्माण जियो स्टूडियोज और मनीष मल्होत्रा मिलकर स्टेज प्रोडक्शन के बैनर तले कर रहे हैं। फिल्म की कहानी एक छोटे शहर की साधारण गृहिणी के इर्द-गिर्द घूमती है। वह जिंदगी में अचानक बेवफाई और धोखे के जाल में फंस जाती है। फिर शुरू होती है उसकी जिंदगी की असली जंग। कहानी में प्यार, धोखा, बदला और आत्म-सम्मान जैसे कई गहरे मुद्दे छुए गए हैं। यह फिल्म जी5 पर जल्द ही रिलीज होगी।

## ईशा मालवीय की डेब्यू फिल्म 'इश्कां दे लेखे' का ट्रेलर रिलीज




भारतीय अभिनेत्री, मॉडल, डांसर, लोकप्रिय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और बिग बॉस 17 फेम ईशा मालवीय की पहली फिल्म 'इश्कां दे लेखे' का ऑफिशियल ट्रेलर का रिलीज हो गया। अभिनेत्री रोमांटिक पंजाबी फिल्म से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। 'इश्कां दे लेखे' का ट्रेलर स्पीड रिकॉर्ड्स, पैनोरमा स्टूडियोज और डायमंडस्टार वर्ल्डवाइड यूट्यूब चैनलों ने आपस में कोलैबोरेशन के तहत अपलोड किया है, जिनके चैनलों पर कुल मिलाकर लगभग 50 मिलियन सब्सक्राइबर हैं। चैनल ने मूवी का ट्रेलर रिलीज करते हुए डिस्क्रिप्शन में लिखा, 'एक बार फिर प्यार में पड़ने के लिए तैयार हो जाइए! स्पीड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत करता है 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित पंजाबी प्रेम कहानी 'इश्कां दे लेखे' का ट्रेलर। शानदार गुरनाम भुल्लर और खूबसूरत ईशा मालवीय अभिनीत यह पंजाबी फिल्म उन सभी लोगों के लिए बनाई गई है, जिन्होंने कभी दिल से प्यार किया है। ' प्रतिभाशाली मनवीर बरार द्वारा निर्देशित, 'इश्कां दे लेखे' बड़े पर्दे पर पंजाबी रोमांस को एक नई परिभाषा देने के लिए तैयार है। 'लेख' और 'सुर्खी भिंडी' जैसी लगातार ब्लॉकबस्टर फिल्में देने के बाद गुरनाम भुल्लर एक और उत्कृष्ट कृति के साथ वापसी कर रहे हैं और यह फिल्म किसी जादू से कम नहीं है। यह नई पंजाबी फिल्म प्यार की कहानी है और पंजाबी सिनेमा की सदाबहार क्लासिक बनने के लिए तैयार है। ' ट्रेलर की शुरुआत एक यूनिवर्सिटी की बेल से होती है, जिसके बाद गुरनाम भुल्लर का सीन दिखाया जाता है और एक दमदार पंजाबी रोमांटिक डायलॉग सुनने को मिलता है, जिसमें कहा जाता है, 'जदो प्यार हद से गुजर जाए, उने मोहब्बत कहते हैं। जदो मोहब्बत हद से गुजर जाए, उनो पागलपन कहते हैं। पर जदो पागलपन हद से गुजर जाए, तो... 'इसके बाद ट्रेलर में एक रोमांटिक पंजाबी गाना सुनने को मिलता है और सीन में ईशा मालवीय परीक्षा हॉल में बैठी नजर आ रही है। मूवी में अभिनेत्री (जसनीत) का किरदार निभा रही हैं। इसके बाद आगे ट्रेलर में एक और डायलॉग सुनने को मिलता है, जिसमें कहा जाता है, 'कई बार कुड़िया दा पहला प्यार, बहुतों ने प्यार कर चुके होते हैं। ' ट्रेलर में एक के बाद एक कई बेहतरीन डायलॉग सुनने को मिलते हैं और यह एक डायलॉग के साथ समाप्त भी होता है, जहां कहा जाता है, 'जे रब सानु प्यार करने वाले ने पागल बना सकता है, तो क्या प्यार करने वाले रब नू थोड़ा सा पागल नहीं बना सकते हैं क्या? 'ट्रेलर में ईशा मालवीय और गुरनाम भुल्लर की जबरदस्त केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। 2 मिनट 25 सेकेंड के ट्रेलर में लव, हेट, प्यार, पागलपन, जुनून और बर्बादी के साथ कई लाजवाब सीन देखने को मिलते हैं।

(साभार एजेंसी)

# कोच रयान टेन डेशकाटे ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ किया वॉशिंगटन सुंदर के चयन का बचाव

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच हुए मैच के टॉस के दौरान जब भारत की प्लेइंग 11 में शामिल खिलाड़ियों के नाम बोले जा रहे थे तब पूरा स्टेडियम एक-एक नाम पर चीयर कर रहा था। हालांकि, जैसे ही लोगों को पता लगा कि उनके घरेलू स्टार अक्षर पटेल प्लेइंग 11 में नहीं हैं और उनकी जगह वाशिंगटन सुंदर खेल रहे हैं तो लोग इस एक नाम पर निराश दिखाई दिए।
नीदरलैंड्स के खिलाफ अक्षर को आराम देकर वॉशिंगटन को मौका दिया गया था। भारत ने वॉशिंगटन के पूरी तरह फिट होने का इंतजार किया था और उनके किसी रिप्लेसमेंट की घोषणा नहीं की थी। हालांकि, इस बात की पूरी उम्मीद थी कि टीम के उप-कप्तान और शानदार फॉर्म में चल रहे अक्षर इस सुपर 8 मुकाबले के लिए वापसी करेंगे। अक्षर की उपस्थिति से मैच के परिणाम पर कितना असर पड़ता ये तो नहीं कहा जा सकता, लेकिन मैच के बाद हुई प्रेस कांफ्रेस का थीम यही मुद्दा रहा और भारत के असिस्टेंट कोच रयान टेन डेशकाटे ने इस पर खुलकर बात की।
उनसे सीधे ये तक पूछ लिया गया कि क्या टीम मैनेजमेंट ने टीम के उप-कप्तान को ये कह दिया कि आप एक टैक्टिकल निर्णय के चलते इस मैच में खेलने योग्य नहीं हैं। डेशकाटे ने कहा, मुझे नहीं लगता कि इतने सीधे तौर पर ये कहा गया। हमारी एनालिसिस में हमने पाया कि क्विंटन डी कॉक, रयान रिकलटन और डेविड मिलर ही सबसे बड़ा खतरा होने वाले हैं। जब आप दो विकल्पों में से केवल एक ही चुन सकते हैं तो हमें उसकी ओर जाना पड़ा जो पावरप्ले में गेंदबाजी करने का आदी



है। अक्षर भी कभी-कभार पावरप्ले में गेंदबाजी करते हैं। लेकिन हमें लगा कि वॉशिंगटन इस चरण में अधिक प्रभाव छोड़ सकते हैं।
रविवार की रात भारत ने वॉशिंगटन का उस तरह इस्तेमाल नहीं किया जिसके लिए उन्हें चुना गया था और पावरप्ले में उनसे गेंदबाजी ही नहीं कराई। अर्शदीप सिंह (तीन ओवर), जसप्रीत बुमराह (दो ओवर) और वरुण चक्रवर्ती (एक ओवर) ने ही पावरप्ले का अंत किया। इसके बाद तो मामला ऐसा बनता दिखा कि बीच के ओवरों में कौन अच्छी गेंदबाजी कर सकता है और इस मामले में अक्षर हमेशा आगे रहेंगे।
डेशकाटे ने कहा, शुरुआती समझ के हिसाब से ही रणनीति तैयार की गई थी। इस तरह के टूर्नामेंट में आप चाहते और उम्मीद करते हैं कि खिलाड़ी इस बात को समझेंगे कि हर निर्णय सही उद्देश्य के साथ लिया जाता है। किसी निर्धारित मैच के लिए हम सबसे मजबूत प्लेइंग 11 चुनना चाहते हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि अक्षर भी इसे उसी तरह देखेंगे। टेन डेशकाटे ने आगे अपनी बात को और समझाते हुए ये साफ किया कि वॉशिंगटन का चुनाव केवल मैच को देखते हुए किया गया था और इससे अक्षर की क्षमताओं पर कोई सवाल खड़ा नहीं होता है।
उन्होंने कहा, आज की रणनीति का प्रमुख हिस्सा ये था कि वॉशिंगटन ने टी20 क्रिकेट में पावरप्ले में कितनी शानदार गेंदबाजी की है। विचार तीन प्रमुख गेंदबाजों के साथ जाने का था जिनका साथ वॉशिंगटन देते और दो अन्य लोग मिलकर पांचवें गेंदबाज का रोल अदा करते। पावरप्ले जीतना सबसे अहम होने वाला था। हमने पहले यह अनुमान लगाया था कि वॉशिंगटन शुरुआती दो ओवर गेंदबाजी करेगा, लेकिन जरूरी नहीं कि स्कोर 30 रन पर 3 विकेट हो। इस शुरुआती स्थिति से बल्लेबाजी में भी लचीलापन मिलता है।
उन्होंने कहा, आप इस बात का तर्क भी दे सकते हैं कि एक बल्लेबाज को बाहर करके एक अतिरिक्त प्रमुख गेंदबाज चुनना शायद सही निर्णय हो सकता था। लेकिन जब वास्तविक समय में आप निर्णय लेते हैं तो हमें लगा कि आठ बल्लेबाजी विकल्पों के रूप में हमें रिंकू की जरूरत थी। इस कॉम्बिनेशन के पीछे यही सोच थी। इससे अक्षर को लेकर कोई सवाल नहीं उठते क्योंकि उनकी लीडरशिप और टीम में महत्व पर कोई शंका नहीं है। हालांकि, हर सप्ताह हमें इस चुनौती से गुजरना होता है कि 15 के दल से 11 खिलाड़ियों को कैसे फिट किया जाए।

## ऑफ-स्पिन से होगा भारत पर वार? शाई होप के बयान ने बढ़ाया सस्पेंस



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारतीय बल्लेबाजों की ऑफ-स्पिन के खिलाफ कमजोरी खुलकर सामने आई है। ऐसे में भारत के खिलाफ मुकाबले से पहले वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने अपनी रणनीति को लेकर सस्पेंस बना दिया है।

पोस्ट-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब उनसे पूछा गया कि क्या वह पावरप्ले में ऑफ-स्पिन का इस्तेमाल करेंगे, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा - इंतजार कीजिए और देखिएज जब टॉस के वक्त टीम शीट दूंगा, तभी सबको पता चलेगा। स्टे ट्यून।

**भारत की ऑफ-स्पिन के खिलाफ कमजोरी** - इस टूर्नामेंट में भारत की टॉप ऑर्डर बल्लेबाजी दाएं हाथ के ऑफ-स्पिनरों के खिलाफ संघर्ष करती दिखी है। पाकिस्तान के कप्तान सलमान आगा ने कोलंबो में इसका फायदा उठाया। नीदरलैंड्स के आर्यन दत्त ने भी यही रणनीति अपनाई। साउथ अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम ने भी ऑफ-स्पिन से भारत को परेशान किया। बाएं हाथ के बल्लेबाजों से भरी भारतीय टीम के खिलाफ यह रणनीति कारगर साबित हुई है।

**क्या लौटेंगे रोस्टन चेज** - जिम्बाब्वे के खिलाफ मुकाबले में होप ने रोस्टनचेस को बाहर बैठाकर शेफर्ड को मौका दिया था। यह फैसला सही साबित हुआ क्योंकि शेफर्ड ने 10 गेंदों पर 21 रन की तेज पारी खेली। गेंदबाजी में बाएं हाथ के स्पिनर एकल हाउसिन और गुडाकेस मोटी ने मिलकर 7 विकेट झटके और जिम्बाब्वे को 147 रन पर समेट दिया। हालांकि भारत के खिलाफ कई बाएं हाथ के बल्लेबाजों को देखते हुए होप रोस्टन चेज को वापस लाने का जोखिम भरा फैसला ले सकते हैं।

## आईसीसी रैंकिंग में भारत और ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम को फायदा



**दुबई (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीमों ने ऑस्ट्रेलिया में अपनी कड़ी टक्कर वाली सीरीज के बाद लेटेस्ट आईसीसी महिला टी20 प्लेयर रैंकिंग में काफी बढ़त हासिल की है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार, भारत की तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी ने टी20 बॉलर्स में करियर की बेस्ट रैंकिंग हासिल की, जो सीरीज में 8 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली बॉलर रहीं। उनकी टीममेट श्री चरणी भी आगे बढ़ीं और 11 स्थान ऊपर चढ़कर 26वें स्थान पर पहुंच गईं।

ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में एनाबेल सदरलैंड बॉलिंग रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गई, जबकि एश्ले गाडर्नर दो स्थान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर पहुंच गई। बॉलिंग चार्ट में पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम की सादिया इक़बाल टॉप पर बनी हुई हैं। गाडर्नर टी20 ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में भी एक स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गईं। बैटिंग रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया की जॉर्जिया वोल 26 पायदान की शानदार छलांग लगाकर 10वें नंबर पर पहुंच गईं, जबकि उनकी टीममेट फोएबे लिचफील्ड चार पायदान ऊपर चढ़कर 12वें नंबर पर पहुंच गईं।

भारतीय बैटर जेमिमा रोड्रिग्स भी एक पायदान ऊपर चढ़कर 10वें नंबर पर पहुंच गईं। ऑस्ट्रेलिया की अनुभवी ओपनर बेथ मूनी ने टी20 बैटिंग रैंकिंग में टॉप पर अपनी जगह बनाए रखी। इस बीच साउथ अफ्रीका विमेंस क्रिकेट टीम, श्रीलंका विमेंस क्रिकेट टीम, वेस्ट इंडीज विमेंस क्रिकेट टीम और पाकिस्तान विमेंस क्रिकेट टीम के मैचों के बाद लेटेस्ट वनडे रैंकिंग में भी बदलाव देखा गया।

साउथ अफ्रीका की सुने लुस वनडे बैटर्स में चार पायदान चढ़कर 30वें नंबर पर और ऑलराउंडर्स की लिस्ट में पांच पायदान ऊपर चढ़कर 17वें नंबर पर पहुंच गईं। उनकी टीममेट मारिजाने कैप वनडे ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में गाडर्नर के बाद दूसरे नंबर पर पहुंच गईं। स्पिनर नॉनकुलुलेको म्लाबा वनडे गेंदबाजों में बराबर नौवें स्थान पर पहुंच गयीं, जबकि वेस्टइंडीज की करिश्मा रामहरैक चार स्थान ऊपर चढ़कर 26वें स्थान पर पहुंच गईं।

महिला टी20 विश्व कप 2026 के शेड्यूल का ऐलान

# भारत की पहली भिड़ंत पाकिस्तान से

### महिला टी20 विश्व कप 2026 में हिस्सा लेने वाली टीमों की लिस्ट

- ऑस्ट्रेलिया
- भारत
- पाकिस्तान
- साउथ अफ्रीका
- बांग्लादेश
- नीदरलैंड
- आयरलैंड
- स्कॉटलैंड
- इंग्लैंड
- न्यूजीलैंड
- श्रीलंका
- वेस्टइंडीज



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 का आयोजन इंग्लैंड में होने वाला है। 12 जून से वर्ल्ड कप का आगाज होगा। टूर्नामेंट के लिए आईसीसी ने शेड्यूल का भी ऐलान कर दिया है। महिला टी20 वर्ल्ड कप का पहला मैच इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच खेला जाएगा। कुल 12 टीमें टी20 वर्ल्ड कप में इस बार भाग लेंगी। 6-6 टीमों के 2 ग्रुप बनाए गए हैं। ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया, भारत, पाकिस्तान, साउथ अफ्रीका, बांग्लादेश और नीदरलैंड हैं। वहीं ग्रुप बी में आयरलैंड, स्कॉटलैंड, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, श्रीलंका और वेस्टइंडीज हैं।

### 14 जून को होगा भारत-पाकिस्तान का महामुकाबला?

महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत और पाकिस्तान का महामुकाबला 14 जून को एजबेस्टन में खेला जाएगा। बता दें कि यह भारत का टूर्नामेंट में पहला मैच भी होगा। इसके बाद 17 जून को भारत की भिड़ंत नीदरलैंड से हेडिंग्ले में होगी। 21 जून को भारत और साउथ अफ्रीका के बीच ओल्ड ट्रेफर्ड में मुकाबला होगा। 25 जून को भारत और बांग्लादेश ओल्ड ट्रेफर्ड में आमने-सामने होंगे। भारत अपना आखिरी ग्रुप स्टेज मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लॉर्ड्स में खेला जाएगा।

### महिला टी20 विश्व कप 2026 का शेड्यूल (भारतीय समयानुसार)

| दिन | दिनांक | मैच | स्थान समय (IST) |
|---|---|---|---|
| शुक्रवार, 12 जून | इंग्लैंड बनाम श्रीलंका | एजबेस्टन | रात 11.00 बजे |
| शनिवार, 13 जून | स्कॉटलैंड बनाम आयरलैंड | ओल्ड ट्रैफर्ड क्रिकेट ग्राउंड | दोपहर 3.00 बजे |
| शनिवार, 13 जून | ऑस्ट्रेलिया बनाम दक्षिण अफ्रीका | ओल्ड ट्रैफर्ड क्रिकेट ग्राउंड | शाम 7.00 बजे |
| शनिवार, 13 जून | वेस्टइंडीज बनाम न्यूजीलैंड | हैम्पशायर बाउल | रात 11.00 बजे |
| रविवार, 14 जून | बांग्लादेश बनाम नीदरलैंड | एजबेस्टन | दोपहर 3.00 बजे |
| रविवार, 14 जून | भारत बनाम पाकिस्तान | एजबेस्टन | शाम 7.00 बजे |
| मंगलवार, 16 जून | न्यूजीलैंड बनाम श्रीलंका | हैम्पशायर बाउल | शाम 7.00 बजे |
| मंगलवार, 16 जून | इंग्लैंड बनाम आयरलैंड | हैम्पशायर बाउल | रात 11.00 बजे |
| बुधवार, 17 जून | ऑस्ट्रेलिया बनाम बांग्लादेश | हेडिंग्ले | दोपहर 3.00 बजे |
| बुधवार, 17 जून | भारत बनाम नीदरलैंड | हेडिंग्ले | शाम 7.00 बजे |
| बुधवार, 17 जून | दक्षिण अफ्रीका बनाम पाकिस्तान | एजबेस्टन | रात 11.00 बजे |
| गुरुवार, 18 जून | वेस्टइंडीज बनाम स्कॉटलैंड | हेडिंग्ले | रात 11.00 बजे |
| शुक्रवार, 19 जून | न्यूजीलैंड बनाम आयरलैंड | हैम्पशायर बाउल | रात 11.00 बजे |
| शनिवार, 20 जून | ऑस्ट्रेलिया बनाम नीदरलैंड | हैम्पशायर बाउल | दोपहर 3.00 बजे |
| शनिवार, 20 जून | पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश | हैम्पशायर बाउल | शाम 7.00 बजे |
| शनिवार, 20 जून | इंग्लैंड बनाम स्कॉटलैंड | हेडिंग्ले | रात 11.00 बजे |
| रविवार, 21 जून | वेस्टइंडीज बनाम श्रीलंका | ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड | दोपहर 3.00 बजे |
| रविवार, 21 जून | दक्षिण अफ्रीका बनाम भारत | ओल्ड ट्रैफर्ड क्रिकेट ग्राउंड | शाम 7.00 बजे |
| मंगलवार, 23 जून | न्यूजीलैंड बनाम स्कॉटलैंड | ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड | दोपहर 3.00 बजे |
| मंगलवार, 23 जून | श्रीलंका बनाम आयरलैंड | ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड | शाम 7.00 बजे |
| मंगलवार, 23 जून | ऑस्ट्रेलिया बनाम पाकिस्तान | हेडिंग्ले | रात 11.00 बजे |
| बुधवार, 24 जून | इंग्लैंड बनाम वेस्टइंडीज | लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड | रात 11.00 बजे |
| गुरुवार, 25 जून | भारत बनाम बांग्लादेश | ओल्ड ट्रैफर्ड क्रिकेट ग्राउंड | शाम 7.00 बजे |
| गुरुवार, 25 जून | दक्षिण अफ्रीका बनाम नीदरलैंड | ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड | रात 11.00 बजे |
| शुक्रवार, 26 जून | श्रीलंका बनाम स्कॉटलैंड | ओल्ड ट्रैफर्ड क्रिकेट ग्राउंड | रात 11.00 बजे |
| शनिवार, 27 जून | पाकिस्तान बनाम नीदरलैंड | ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड | दोपहर 3.00 बजे |
| शनिवार, 27 जून | वेस्टइंडीज बनाम आयरलैंड | ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड | शाम 7.00 बजे |
| शनिवार, 27 जून | इंग्लैंड बनाम न्यूजीलैंड | द ओवल | रात 11.00 बजे |
| रविवार, 28 जून | दक्षिण अफ्रीका बनाम बांग्लादेश | लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड | दोपहर 3.00 बजे |
| रविवार, 28 जून | ऑस्ट्रेलिया बनाम भारत | लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड | शाम 7:00 बजे |
| मंगलवार, 30 जून | टीबीसी बनाम टीबीसी (सेमीफाइनल 1) | द ओवल | शाम 7:00 बजे |
| गुरुवार, 2 जुलाई | टीबीसी बनाम टीबीसी (सेमीफाइनल 2) | द ओवल | रात 11:00 बजे |
| रविवार, 5 जुलाई | टीबीसी बनाम टीबीसी (फाइनल) | लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड | शाम 7:00 बजे |

● वेस्टइंडीज से शर्मनाक हार के बाद जिम्बाब्वे के कोच का भारत पर बड़ा बयान

## सूर्या सेना को बचकर रहना होगा!



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जिम्बाब्वे के मुख्य कोच जस्टिन सैमन्स जानते हैं कि भारत उनके खिलाफ गुरुवार को टी20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में आक्रामक रुख अपनाएगा। लेकिन उनका मानना है कि वेस्टइंडीज से मिली करारी हार से मिले सबक के बाद उनकी कमजोर मानी जाने वाली टीम इस महत्वपूर्ण मैच के लिए पूरी तरह से तैयार रहेगी।

वेस्टइंडीज ने सोमवार को यहां खेले गए सुपर आठ के मैच में जिम्बाब्वे को 107 रन से करारी शिकस्त दी। भारत को भी अपने पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका से 76 रन से हार का सामना करना पड़ा था और सैमन्स को लगता है कि भारतीय टीम उनके खिलाफ शुरू से ही हावी होकर खेलने की कोशिश करेगी।

### जस्टिन सैमन्स ने अपने बयान में क्या कहा?

वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच के बाद सैमन्स ने कहा, 'हम जानते हैं कि भारत किस तरह से खेलेगा और उनका तरीका भी वैसा ही होगा जैसा कि वेस्टइंडीज ने अपनाया। वे (भारत) कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा, 'इससे हमें अच्छी सीख मिलेगी। हम दबाव से कैसे निपटते हैं, हम कैसे शांत रहते हैं और कैसे तुरंत सोच-समझकर काम करते हैं। हम कैसे बदलाव करने की कोशिश करते हैं और कैसे बल्लेबाजों की लय को बिगाड़ते हैं।'

## टी-20 वर्ल्डकप मैच में सबसे ज्यादा छक्कों का रिकॉर्ड बना

पॉवेल ने सिकंदर रजा का माथा चूमा, हेटमायर ने 108 मीटर का सिक्स लगाया

**मुंबई (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज ने टी-20 वर्ल्ड कप के चौथे सुपर-8 मैच में जिम्बाब्वे को 107 रन के बड़े अंतर से हराया। वानखेड़े स्टेडियम में जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी।

वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 254 रन बनाए। 255 रन का टारगेट चेज कर रही जिम्बाब्वे 17.4 ओवर में 147 रन पर ऑलआउट हो गई। शिमरोन हेटमायर प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 254 रन बनाए। 255 रन का टारगेट चेज कर रही जिम्बाब्वे 17.4 ओवर में 147 रन पर ऑलआउट हो गई। 19 बॉल पर फिफ्टी लगाने वाले शिमरोन हेटमायर प्लेयर ऑफ द मैच रहे। इस मैच में 10 रिकॉर्ड और रोचक मोमेंट्स देखने को मिले। आगे पढ़िएज

**मैच के टॉप रिकॉर्ड्स-** टी-20 वर्ल्डकप के एक मैच में सबसे ज्यादा सिक्स लगे इस मैच में कुल 31 छक्के लगे। यह टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में किसी एक मैच में सबसे ज्यादा छक्कों का रिकॉर्ड है। पिछला रिकॉर्ड 30 सिक्स का था।



## जिम्बाब्वे मुकाबले से पहले टीम बस में अभिषेक की क्लास, कोच गंभीर ने दिया सख्त संदेश

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका के खिलाफ 76 रन की करारी हार के बाद भारतीय टीम पर दबाव साफ नजर आ रहा है। इसी



बीच टीम के चेन्नई पहुंचते ही एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिसमें हेड कोच गंभीर टीम बस में ओपनर अभिषेक से गंभीर और तीखी चर्चा करते दिखाई दे रहे हैं।

यह मुकाबला 26 फरवरी को चिदंबरम स्टेडियम में जिम्बाब्वे के खिलाफ खेला जाना है, जो भारत के लिए करो या मरो जैसा बन चुका है।

**बस में 'लेक्चर' का वीडियो वायरल** - सोमवार को टीम के चेन्नई पहुंचने के तुरंत बाद सामने आए इस वीडियो में गंभीर और अभिषेक टीम बस में ड्राइवर के ठीक पीछे बैठकर गहन बातचीत करते नजर आए। दोनों के हाव-भाव से साफ दिख रहा था कि चर्चा काफी गंभीर थी।

सोशल मीडिया पर इस वीडियो को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आईं। कुछ फैंस ने इसे सकारात्मक कोचिंग बताया, तो कुछ ने कैमरों के सामने इस तरह की बातचीत पर सवाल उठाए।

**हार के बाद बढ़ा दबाव** - भारत को साउथ अफ्रीका टीम के खिलाफ 76 रन से हार का सामना करना पड़ा था। लक्ष्य का पीछा करते हुए अभिषेक ने शुरुआत में एक चौका लगाया, लेकिन वह सिर्फ 15 रन बनाकर आउट हो गए।

## किदांबी श्रीकांत जर्मन ओपन में भारतीय चुनौती की करेंगे अगुवाई

**मुलहेम एन डेर रूर (जर्मनी) (एजेंसी)।** दुनिया के पूर्व नंबर वन किदांबी श्रीकांत मंगलवार से मुलहेम एन डेर रूर के वेस्टएनर्जी स्पोटहॅाल में शुरू हुए जर्मन ओपन 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती अगुवाई करेंगे।



पुरुषों की एकल बैडमिंटन रैंकिंग में 32वें स्थान पर काबिज किदांबी श्रीकांत, इस साल की शुरुआत में इंडिया ओपन और इंडोनेशिया मास्टर्स में दो क्वार्टर-फाइनल से बाहर होने के बाद जर्मन ओपन में उतरेंगे। उन्हें आखिरी बार इस महीने की शुरुआत में बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में खेलते हुए देखा गया था, जहां उन्होंने भारत के लिए अपने दोनों एकल रबर जीते थे।

पुरुषों के एकल मुख्य ड्रॉ में किदांबी श्रीकांत के साथ उनके हमवतन किरण जॉर्ज और थारुन मन्नेपल्ली भी होंगे। ओलंपियन और दुनिया के नंबर 5 खिलाड़ी फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव पुरुष एकल में टॉप सीड हैं और पहले राउंड में किरण जॉर्ज से भिड़ेंगे। दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु की गैरमौजूदगी में दुनिया की नंबर 40 तन्वी शर्मा महिला सिंगल्स में भारत की कमान संभालेंगी। तन्वी शर्मा, जो पिछले साल बीडब्लयूएफ वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप और यूएस ओपन में उप विजेता रही थीं, उनके साथ महिला एकल के मुख्य ड्रॉ में तस्नीम मीर, मालविका बंसोड़, रक्षिता रामराज और इशारानी बरुआ होंगी। महिला युगल के मुख्य ड्रॉ में भारत की अकेली जोड़ी अश्विनी भट और शिखा गौतम हैं।

# अमेरिका में डेमोक्रेटिक सांसदों ने ट्रंप प्रशासन से अरबों डॉलर के शुल्क वापस करने की मांग की

**» वाशिंगटन, भाषा।**

**अमेरिका के उच्च सदन सीनेट में डेमोक्रेटिक पार्टी के तीन सांसद सरकार से लगभग 175 अरब अमेरिकी डॉलर के शुल्क की रिफंड (धनराशि वापस करना) प्रक्रिया शुरू करने की मांग कर रहे हैं। अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि ये शुल्क राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अवैध तरीके से जारी आदेशों के आधार पर लिए गए थे। ओरेगन प्रांत से सीनेटर रॉन वायडेन, मैसाचुसेट्स से एड मार्की और न्यू हैम्पशायर से जीन शाहीन सोमवार को एक विधेयक पेश करने वाले हैं। इस विधेयक में यह प्रावधान प्रस्तावित है कि अमेरिका के सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा विभाग को 180 दिन के भीतर शुल्क लौटाना होगा और इस राशि पर ब्याज भी देना होगा।**

इस विधेयक में यह भी प्रस्ताव है कि रिफंड देने में छोटे व्यवसायों को प्राथमिकता दी जाए और आयातकों, थोक विक्रेताओं और बड़ी कंपनियों को अपने ग्राहकों तक यह रिफंड पहुंचाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। वायडेन ने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप के अवैध शुल्क ने पहले ही अमेरिकी परिवारों, छोटे व्यवसायों और विनिर्माताओं को लंबे समय तक नुकसान पहुंचाया है, जो ट्रंप द्वारा एकाएक लगाए गए शुल्कों से लगातार प्रभावित हुए हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि इस समस्या को दूर करने का सबसे महत्वपूर्ण व पहला कदम यह होगा कि छोटे व्यवसायों व विनिर्माताओं को जल्द से जल्द रिफंड दिया जाए। इस विधेयक के कानून बनने की संभावना कम है, लेकिन यह दर्शाता है कि डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्यों ने ट्रंप प्रशासन पर सार्वजनिक रूप से दबाव बनाना शुरू कर दिया है। शाहीन ने कहा कि शुल्कों के कारण हुई किसी भी क्षति की पूर्ति तभी हो सकती है जब राष्ट्रपति ट्रंप अवैध रूप से वसूले गए शुल्क वापस करें, जिन्हें अमेरिकियों को मजबूरन देना पड़ा। मार्की ने भी इस बात पर जोर दिया कि छोटे व्यवसायों के पास नाममात्र संसाधन ही होते हैं और रिफंड प्रक्रिया कंपनियों के लिए बेहद कठिन और समय लेने वाली हो सकती है। ट्रंप प्रशासन ने कहा है कि उसके हाथ बंधे हैं, क्योंकि ऐसा कोई भी भुगतान अदालत में चल रही सुनवाई पर असर डाल सकता है। अमेरिकी उच्चतम न्यायालय की एक पीठ ने पिछले शुक्रवार को छह-तीन के बहुमत से फैसला दिया कि ट्रंप का आपातकालीन शक्तियों के कानून (आईईईपीए, 1977) के तहत दूसरे देशों पर आयात शुल्क लगाने का कदम वैध नहीं था। इस कानून के तहत राष्ट्रपति के पास आयात पर कर लगाने का अधिकार नहीं था। अमेरिकी सीमा शुल्क एजेंसी ने दिसंबर तक आईईईपीए के तहत जारी शुल्क आदेशों के तहत कुल 133 अरब डॉलर वसूल किए हैं। हालांकि, जानकारों का कहना है कि इस राशि का रिफंड आयातकों को मिल सकता है, लेकिन आम लोगों को यह रिफंड मिलना मुश्किल है, क्योंकि कंपनियों ने बढ़े हुए शुल्क का बोझ कीमत वृद्धि के रूप में उपभोक्ताओं पर डाल दिया था।



## अमेरिका ने चीन के परमाणु परीक्षण का खुलासा किया देशों से निरस्त्रीकरण के लिए दबाव बनाने का आह्वान

**जेनेवा, भाषा।** अमेरिका के शस्त्र नियंत्रण और अप्रसार ब्यूरो के सहायक विदेश मंत्री क्रिस्टोफर यिआव ने लगभग छह साल पहले चीन द्वारा किए गए गुप्त परमाणु परीक्षण के बारे में सोमवार को नई जानकारी साझा की और अन्य देशों से आग्रह किया कि वे चीन और रूस पर परमाणु निरस्त्रीकरण करने के लिए कदम उठाने का दबाव बनाएं। इस महीने अमेरिका और रूस के बीच आखिरी परमाणु हथियार समझौते की समाप्ति के बाद यिआव ने संयुक्त राष्ट्र समर्थित एक संस्था के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस समझौते की अवधि खत्म होने से दुनिया की सबसे बड़ी परमाणु शक्तियों के हथियारों पर लगी सीमाएं समाप्त हो गई हैं। यिआव ने चीन से अधिक पारदर्शिता की मांग की और न्यू स्टार्ट संधि की कुछ कमियों की ओर इशारा करते हुए उदाहरण दिया कि इसमें रूस के गैर-रणनीतिक परमाणु हथियारों के विशाल भंडार का कोई समाधान नहीं किया गया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र समर्थित निरस्त्रीकरण सम्मेलन में कहा, लेकिन शायद इसकी सबसे बड़ी कमी यह थी कि न्यू स्टार्ट संधि ने चीन द्वारा अभूतपूर्व, सुनियोजित और गुप्त रूप से तैयार किए गए परमाणु हथियारों को ध्यान में नहीं रखा।

### कार्गो परिसर और रसोई सुविधा से उत्तर भारत के आर्थिक परिदृश्य को नई दिशा मिलेगी

# नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दो परियोजनाओं में 4,458 करोड़ रुपए निवेश करेगी एआई सैट्स

**» सिंगापुर/लखनऊ, भाषा।**

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सिंगापुर दौरे के दूसरे दिन उत्तर प्रदेश सरकार ने विमानन सेवा क्षेत्र की अग्रणी कंपनी एआई सैट्स (एआईएसएटीएस) के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत कंपनी गौतमबुद्ध नगर स्थित जेवर में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दो प्रमुख परियोजनाएं स्थापित करेगी। इन परियोजनाओं में एक अत्याधुनिक कार्गो परिसर और दूसरी विश्वस्तरीय एयर कैटरिंग किचन (विमान यात्राओं के लिए भोजन उपलब्ध कराने वाली रसोई) शामिल है। इन दोनों परियोजनाओं पर एआई सैट्स 4,458 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। यहां जारी एक बयान के मुताबिक, समझौता ज्ञापन (एमओयू) के अनुसार, एआई सैट्स जेवर हवाई अड्डा परिसर में एक अत्याधुनिक कार्गो परिसर का निर्माण करेगी। यह परिसर न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि पूरे उत्तर भारत के लिए हवाई मार्ग से ढुलाई और लॉजिस्टिक्स का प्रमुख केंद्र बनेगा।**



इस परियोजना से निर्यात-आयात गतिविधियों को गति मिलेगी, विशेषकर इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा, कृषि उत्पाद जैसे क्षेत्रों को बड़ा लाभ होगा। जेवर हवाई अड्डे को मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के साथ विकसित किया जा रहा है, जिससे यह परिसर अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए एक रणनीतिक केंद्र के रूप में उभरेगा। एमओयू के तहत दूसरा प्रमुख निवेश नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ही एक अत्याधुनिक विश्वस्तरीय एयर कैटरिंग किचन की स्थापना पर किया जाएगा। यहां नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से संचालित होने वाली उड़ानों के लिए उच्च गुणवत्ता वाला भोजन उपलब्ध कराएगा। विशेष बात यह है कि यहां तैयार किया गया भोजन केवल जेवर हवाई अड्डे तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसकी आपूर्ति पूरे उत्तर भारत के विभिन्न हवाई अड्डों पर भी की जाएगी। इससे क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण और आपूर्ति श्रृंखला नेटवर्क को मजबूती मिलेगी तथा हजारों प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री के सिंगापुर दौरे का उद्देश्य वैश्विक निवेशकों को उत्तर प्रदेश की संभावनाओं से जोड़ना है। दूसरे दिन हुए इस एमओयू को राज्य के विमानन, लॉजिस्टिक्स और सेवा क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। जेवर हवाई अड्डे के चालू होने के साथ ही यह कार्गो परिसर और रसोई सुविधा से उत्तर भारत के आर्थिक परिदृश्य को नई दिशा मिलेगी और प्रदेश अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर और मजबूत स्थिति में स्थापित होगा। बयान के मुताबिक, एक दूसरे कार्यक्रम में मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के सिंगापुर दौरे के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार की निवेश प्रोत्साहन एजेंसी इन्वेस्ट यूपी और सिंगापुर सरकार के हितों का प्रतिनिधित्व करने वाली संस्था सिंगापुर कोऑपरेशन एंटरप्राइज (एससीई) के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता उत्तर प्रदेश में संस्थागत क्षमता व नीतिगत ढांचे को सुदृढ़ बनाने और पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के लिए दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी स्थापित करने की दिशा में उठाया गया बड़ा कदम है।

# नेपाल में नतीजे मतगणना के 24 घंटों के भीतर घोषित किए जाएंगे : कार्यवाहक मुख्य निर्वाचन आयुक्त

**काठमांडू, भाषा।** नेपाल के कार्यवाहक मुख्य निर्वाचन आयुक्त राम प्रसाद भंडारी ने सोमवार को कहा कि पांच मार्च को होने वाले आम चुनाव के नतीजे मतपत्रों की गणना के 24 घंटे के भीतर जारी कर दिए जाएंगे। हिमालई देश में कुल 1.89 करोड़ पात्र मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करके प्रतिनिधि सभा के 275 सदस्यों का चुनाव करेंगे। इनमें से 165 सांसदों का चुनाव प्रत्यक्ष मतदान के माध्यम से होगा जबकि 110 सांसदों का चुनाव आनुपातिक मतदान प्रणाली के तहत होगा, जो संसद में अल्पसंख्यकों व छोटे दलों के प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करती है। भंडारी ने एक निजी समाचार एजेंसी को बताया कि आयोग मतपेटियों को एकत्रित करते ही मतगणना शुरू करने की योजना बना रहा है। उन्होंने बताया कि आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के तहत परिणाम घोषित करने में एक या दो दिन लग सकते हैं जबकि प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली के परिणाम मतपत्र संग्रह के 24 घंटों के भीतर घोषित कर दिए जाएंगे। आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के तहत सदन के 275 सदस्यों में से 110 सदस्यों का चुनाव देश भर में राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त कुल मतों के आधार पर किया जाता है। मतदाता प्रत्येक पार्टी के लिए अलग-अलग मतपत्र डालते हैं और प्रत्एक पार्टी को प्राप्त मतों के अनुपात में सीट आवंटित की जाती हैं। पार्टियों को अपने प्रतिनिधि उम्मीदवारों की सूची में महिलाओं व दलितों, जनजातियों, मधेसियों और अल्पसंख्यकों जैसे वंचित समूहों को शामिल करना सुनिश्चित करना होगा। इस प्रणाली का उद्देश्य नेपाल की सामाजिक और जातीय विविधता का संसद में बेहतर प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना है।आयोग के प्रवक्ता नारायण प्रसाद भट्टराई ने बताया कि काठमांडू घाटी के बाहर के क्षेत्रों में मतपत्रों का वितरण पूरा हो चुका है।

## अमेरिका : संचार रणनीतिकार ने शुरू किया भारतीय-अमेरिकी समुदाय पर केंद्रित मतदाता डेटा मंच

**न्यूयॉर्क, भाषा।** संचार रणनीतिकार अनंग मित्तल ने भारतीय-अमेरिकी समुदाय पर केंद्रित एक विशिष्ट मतदाता डेटा मंच की शुरुआत की है। प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष माइक जॉन्सन के लिए डिजिटल प्रमुख के रूप में कार्य कर चुके भारतीय मूल के मित्तल ने सोमवार को इंडियन अमेरिकन वोटर एटलस शुरू किया। उन्होंने इसे भारतीय-अमेरिकी समुदाय के लिए और उसके बारे में विशेष रूप से तैयार किया गया पहला गैर-पक्षपाती, खुला नागरिक डेटा मंच बताया। मित्तल ने एक ब्लॉग पोस्ट में कहा, इस देश में 54 लाख भारतीय-अमेरिकी हैं, जिनमें से 26 लाख मतदान के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय-अमेरिकी अमेरिका में सर्वाधिक आय वाला समूह है और देश के कई अत्यंत प्रतिस्पर्धी संसदीय क्षेत्रों में उनकी उल्लेखनीय उपस्थिति है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में भारतीय-अमेरिकी समुदाय ने अमेरिकी राजनीति में किसी भी जनसांख्यिकीय समूह की तुलना में सबसे नाटकीय दलगत परिवर्तन किया। मित्तल के अनुसार, यह मतदाता एटलस सार्वजनिक रूप से उपलब्ध अधिकतर डेटा को एक निःशुल्क डैशबोर्ड में समाहित करता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह मंच डेटा से परे कोई राजनीतिक निष्कर्ष या पूर्वानुमान प्रस्तुत नहीं करता और इसे निष्पक्ष तथा द्विदलीय स्वरूप में तैयार किया गया है। वर्ष 2026 के कार्नेगी सर्वेक्षण का हवाला देते हुए मित्तल ने कहा कि 2024 में भारतीय-अमेरिकी मतदाताओं का रुझान ट्रंप की ओर था। लेकिन वर्ष 2020 में स्वतंत्र भारतीय मतदाताओं की संख्या 15 प्रतिशत से 2026 में बढ़कर 29 प्रतिशत हो गई। उन्होंने कहा कि समुदाय उन सभी के लिए खुला है जो गंभीरता से इससे जुड़ना चाहते हैं।

**न्यूज ब्रीफ**

## कनाडा तहव्वुर राणा की नागरिकता को रद्द करने की प्रक्रिया आगे बढ़ा रहा : रिपोर्ट


**» टोरंटो, भाषा।**

**प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की भारत यात्रा से पहले कनाडा की सरकार 2008 के मुंबई आतंकी हमले में अहम भूमिका निभाने के आरोपी पाकिस्तान मूल के व्यवसाई तहव्वुर राणा हुसैन की नागरिकता रद्द करने की प्रक्रिया आगे बढ़ा रही है। राणा (64) पाकिस्तान में जन्मा कनाडाई नागरिक है और 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के प्रमुख साजिशकर्ताओं में से एक डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी का करीबी सहयोगी रहा है। हेडली अमेरिकी नागरिक है। ग्लोबल न्यूज को मिले दस्तावेजों के अनुसार, आव्रजन अधिकारियों ने राणा को सूचित किया है कि वे 2001 में उसे प्राप्त उसकी कनाडाई नागरिकता छीनने पर विचार कर रहे हैं। राणा 1997 में कनाडा आया था और बाद में अमेरिका में एक डेनिश अखबार के कर्मचारियों पर हमले की साजिश रचने के आरोप में दोषी ठहराया गया था। मुंबई में 26।11 हमले के कथित मास्टरमाइंड राणा को अप्रैल 2025 में अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित किया गया था। नई दिल्ली पहुंचते ही राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने उसे गिरफ्तार कर लिया था।**

मुंबई हमलों में 166 लोगों की मौत हुई थी। रिपोर्ट के अनुसार, आव्रजन, शरणार्थी और नागरिकता कनाडा (आईआरसीसी) ने अपने निर्णय में कहा कि राणा की नागरिकता आतंकवाद के आरोप में नहीं, बल्कि आवेदन पत्र में झूठी जानकारी देने के कारण रद्द की जा रही है। राणा ने 2000 में नागरिकता के लिए आवेदन करते समय दावा किया था कि वह पिछले चार वर्षों से ओटावा और टोरंटो में रह रहा था और केवल छह दिन ही देश से बाहर रहा। हालांकि, रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) की जांच में पाया गया कि वह लगभग पूरा समय शिकागो में रहा, जहां उसके कई व्यवसाय और संपत्तियां थीं। नागरिकता रद्द करने के निर्णय में उस पर गंभीर और जानबूझकर धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया है। खबर के अनुसार, सरकार ने कहा कि मामला फेडरल कोर्ट को भेजा गया है, जो अंतिम फैसला करेगा। राणा के वकील ने इस निर्णय को चुनौती दी है। आव्रजन विभाग की प्रवक्ता रोजी सैबेटर ने ग्लोबल न्यूज को बताया कि गलत जानकारी देकर प्राप्त की गई नागरिकता को रद्द करना कनाडाई नागरिकता की शुचिता बनाए रखने का एक महत्वपूर्ण साधन है। उन्होंने कहा कि प्रक्रिया की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए ऐसे मामलों में अंतिम निर्णय संघीय अदालत ही करती है। उन्होंने कहा, सरकार नागरिकता रद्द करने के कदम को हल्के में नहीं लेती है।

## कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान की यात्रा पर जाएंगे

**» टोरंटो, भाषा।**



**कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी अमेरिका पर निर्भरता कम करके व्यापार की नई संभावनाएं तलाशने की कोशिश के तहत इस सप्ताह और अगले सप्ताह भारत, ऑस्ट्रेलिया तथा जापान की यात्रा पर जाएंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोमवार को बताया कि कार्नी सबसे पहले बृहस्पतिवार को मुंबई जाएंगे, जहां वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उद्योग जगत के दिग्गजों के साथ बातचीत करेंगे। ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा की यात्रा के दौरान कार्नी वहां की संसद के दोनों सदनों को संबोधित करेंगे।**

वह ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से भी मुलाकात करेंगे। इसके बाद कार्नी तोक्यो जाएंगे, जहां वह जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची से मिलेंगे और स्वच्छ ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिजों व खाद्य सुरक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा करेंगे। कार्नी ने एक बयान में कहा, अनिश्चितता के इस दौर में, कनाडा उन चीजों पर ध्यान दे रहा है जिन्हें हम नियंत्रित कर सकते हैं। हम अपने व्यापार में नई संभावनाएं तलाश रहे हैं और बड़े नए निवेश आकर्षित कर रहे हैं। कार्नी ने कनाडा के लिए अगले दस साल में अमेरिका के बाहर अपने निर्यात को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी शुल्क निवेश को कमजोर कर रहे हैं।

## एप्स्टीन फाइल्स की जांच के सिलसिले में गिरफ्तार पूर्व राजदूत जमानत पर रिहा

**» लंदन, भाषा।**

**अमेरिका में ब्रिटेन के पूर्व राजदूत पीटर मैंडेलसन को यौन अपराधी जेफ्री एप्स्टीन से संबंधों से जुड़ी कदाचार की जांच के सिलसिले में गिरफ्तारी के बाद जमानत पर रिहा कर दिया गया है। ब्रिटिश पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना एप्स्टीन के साथ दोस्ती के कारण पूर्व प्रिंस एंड्रयू को पुलिस हिरासत में लिए जाने के कुछ दिन बाद घटी। मेट्रोपॉलिटन पुलिस के एक प्रवक्ता ने सोमवार देर रात जारी एक बयान में कहा, सार्वजनिक पद पर रहते हुए कदाचार के संदेह में गिरफ्तार किए गए।**

72 वर्षीय व्यक्ति को जांच लंबित रहने तक जमानत पर रिहा कर दिया गया है। ब्रिटिश पुलिस की प्रक्रिया के अनुसार, उस व्यक्ति का नाम नहीं बताया गया, लेकिन पहले इस मामले में संदिग्ध की पहचान 72 वर्षीय पूर्व राजनयिक के रूप में हुई थी। सोमवार दोपहर को सादे कपड़ों में पुलिस अधिकारियों द्वारा मैंडेलसन को उनके लंदन स्थित घर से कार तक ले जाते हुए देखा गया था। मैंडेलसन और पूर्व प्रिंस एंड्रयू, एंड्रयू माउंटबेटन-विंडसर दोनों पर ब्रिटेन सरकार की जानकारी को एप्स्टीन को अनुचित तरीके से देने का संदेह है और ये हाई-प्रोफाइल ब्रिटिश गिरफ्तारियां पिछले महीने अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा जारी किए गए एप्स्टीन से संबंधित 30 लाख से अधिक पृष्ठों के दस्तावेज के सबसे नाटकीय परिणामों में से हैं। पुलिस मैंडेलसन के खिलाफ इस आरोप की जांच कर रही है कि उन्होंने डेढ़ दशक पहले एप्स्टीन को संवेदनशील सरकारी जानकारी दी थी। उन पर यौन दुराचार का कोई आरोप नहीं है। उनकी गिरफ्तारी माउंटबेटन-विंडसर की गिरफ्तारी के चार दिन बाद हुई। माउंटबेटन-विंडसर को एप्स्टीन के साथ उनकी दोस्ती से जुड़े एक समान अपराध के संदेह में एक अलग मामले में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस जांच जारी रहने के दौरान उन्हें 11 घंटे की हिरासत के बाद रिहा कर दिया गया। मैंडेलसन ने पिछली लेबर सरकारों के तहत वरिष्ठ सरकारी पदों पर कार्य किया और वह सितंबर तक वाशिंगटन में ब्रिटेन के राजदूत रहे। प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने उन ईमेल के सामने आने के बाद उन्हें सितंबर में बर्खास्त कर दिया था जिनसे पता चला कि 2008 में एक नाबालिग के साथ यौन अपराधों के लिए एप्स्टीन को दोषी ठहराए जाने के बाद भी उन्होंने उसके साथ दोस्ती बनाए रखी थी।



## मेक्सिको में मेंचो की मौत के बाद 25 सैनिक मारे गए

**ग्वाडालाजारा (मेक्सिको), भाषा।** मेक्सिको के सुरक्षा सचिव ने सोमवार को बताया कि विशेष बलों द्वारा जलिस्को न्यू जेनरेशन कार्टेल के कुख्यात सरगना को मार गिराए जाने के बाद छह अलग-अलग हमलों में मैक्सिकन नेशनल गार्ड के 25 सदस्य मारे गए, जबकि मेक्सिको के अधिकांश हिस्सों में व्यापक हिंसा की आशंका है। नेमेसियो ओसेगुएरा सर्वेंटेस, जिसे एल मेंचो के नाम से जाना जाता था, मेक्सिको के सबसे तेजी से बढ़ते आपराधिक गिरोहों में से एक का सरगना था। यह गिरोह अमेरिका में फेंटानिल, मेथम्फेटामाइन और कोकीन की तस्करी करने और गिरोह को चुनौती देने वाले सरकारी अधिकारियों पर बेरहमी से हमले करने के लिए कुख्यात था। उसकी मौत के बाद गिरोह ने सड़कों को अवरुद्ध कर दिया और वाहनों में आग लगा दी और इनके हमलों में 25 सैनिक मारे गए।

### ताइवान टिप्पणी विवाद

# चीन ने जापानी कंपनियों को निर्यात नियंत्रण सूची में डाला

**» बीजिंग, भाषा।**

**चीन ने मंगलवार को 20 जापानी कंपनियों को निर्यात नियंत्रण सूची में और 20 अन्य को निगरानी सूची में डाल दिया। ताइवान को लेकर जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची की कुछ पुरानी टिप्पणियों को लेकर उत्पन्न विवाद के बाद यह कदम उठाया गया है। ताइवान एक स्व-शासित द्वीप है जिस पर चीन अपना दावा करता है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय के बयान के अनुसार, चीनी निर्यातकों को 20 जापानी कंपनियों को द्वि-उपयोग (डुअल-यूज) वस्तुएं बेचने पर प्रतिबंध रहेगा, जिनका उपयोग नागरिक एवं सैन्य दोनों उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। निशाने पर आई कंपनियों में मित्सुबिशी हैवी इंडस्ट्रीज की कई अनुषंगी इकाइयां शामिल हैं जो जहाज निर्माण एवं विमान इंजनों तथा समुद्री मशीनरी के उत्पादन से जुड़ी हैं। साथ ही कावासाकी हैवी इंडस्ट्रीज और फुजित्सु के कुछ प्रभाग भी इसमें शामिल हैं।**



मंत्रालय ने कहा कि विदेशी संगठन या व्यक्ति भी चीन में उत्पन्न द्वि-उपयोग वस्तुएं इन 20 संस्थाओं को उपलब्ध नहीं करा सकेंगे। बयान में कहा गया, संबंधित सभी जारी गतिविधियां तुरंत बंद की जानी चाहिए। अलग एक सूची में 20 जापानी कंपनियां शामिल हैं जिनके लिए चीनी निर्यातकों को व्यक्तिगत निर्यात लाइसेंस आवेदन, जोखिम आकलन रिपोर्ट एवं लिखित आश्वासन प्रस्तुत करना होगा कि द्वि-उपयोग वस्तुओं का इस्तेमाल जापान की सेना द्वारा नहीं किया जाएगा। दूसरी सूची में सुबारू कॉरपोरेशन, मित्सुबिशी मैटेरियल्स कॉरपोरेशन और इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस टोक्यो सहित अन्य कंपनियां शामिल हैं। चीनी वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि इन कदम का उद्देश्य जापान के पुनः सैन्यीकरण एवं परमाणु महत्वाकांक्षाओं पर अंकुश लगाना है और ये पूरी तरह वैध, उचित एवं कानूनी हैं। मंत्रालय ने कहा, ये कदम केवल कुछ चुनिंदा जापानी संस्थाओं पर लक्षित हैं और संबंधित उपाय केवल द्वि-उपयोग वस्तुओं तक सीमित हैं। इससे चीन और जापान के बीच सामान्य आर्थिक एवं व्यापारिक आदान-प्रदान प्रभावित नहीं होगा। ईमानदार तथा कानून का पालन करने वाली जापानी संस्थाओं को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। गौरतलब है कि जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची ने नवंबर में एक बयान में संकेत दिया था कि ताइवान पर संभावित चीनी हमले की स्थिति में जापान सैन्य हस्तक्षेप कर सकता है। चीन, ताइवान को अपना अलग हुआ प्रांत मानता है, जिसे आवश्यकता पड़ने पर बलपूर्वक अपने साथ मिलाने की बात कहता है। ताइवान की संप्रभुता के समर्थन में विदेशी सरकारों की किसी भी टिप्पणी पर चीन कड़ी आपत्ति जताता है। इस महीने की शुरुआत में हुए संसदीय चुनाव में ताकाइची की पार्टी ने भारी बहुमत से जीत हासिल की थी।

## दक्षिण कोरिया के जेल में बंद पूर्व राष्ट्रपति यून ने आजीवन कारावास की सजा के खिलाफ अपील की



**सियोल, भाषा।** दक्षिण कोरिया के जेल में बंद पूर्व राष्ट्रपति यून सुक यियोल ने दिसंबर 2024 में अल्पकालिक मार्शल लॉ लागू करने के मामले में विद्रोह के आरोप में उन्हें मिली आजीवन कारावास की सजा के खिलाफ अपील की है। यून के वकीलों ने मंगलवार को बताया कि सियोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के फैसले को उन्होंने तथ्यों की त्रुटिपूर्ण व्याख्या और कानून की गलत समझ पर आधारित बताया है। मामला अब सियोल उच्च न्यायालय की विशेष पीठ को भेजा जाएगा, जिसे विद्रोह, देशद्रोह और विदेशी हस्तक्षेप से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए गठित किया गया है। यून द्वारा तीन दिसंबर 2024 की रात घोषित मार्शल लॉ करीब छह घंटे जारी रहा। भारी सुरक्षा घेरे को तोड़कर सांसदों ने संसद में प्रवेश किया और इसे रद्द कर दिया। उदारवादी नेतृत्व वाली संसद द्वारा महाभियोग लगाए जाने के बाद यून को 14 दिसंबर, 2024 को पद से निलंबित कर दिया गया था और अप्रैल 2025 में संवैधानिक न्यायालय द्वारा उन्हें औपचारिक रूप से पद से हटा दिया गया था। जुलाई में उन्हें फिर गिरफ्तार किया गया और अब वह मार्शल लॉ प्रकरण सहित आठ आपराधिक मुकदमों का सामना कर रहे हैं। यून ने दावा किया था कि उनका मार्शल लॉ आदेश विधायिका पर नियंत्रण रखने वाले उदारवादियों के खिलाफ शासन का एक कानूनी और आवश्यक कार्य था। वहीं, अदालत ने कहा कि उन्होंने अवैध रूप से सेना और पुलिस की तैनाती कर सत्ता हथियाने की कोशिश की।

### हंगरी और स्लोवाकिया को रूस से कच्चे तेल की आपूर्ति 27 जनवरी से बाधित है...

# हंगरी की आपत्ति के कारण रूस के खिलाफ नए प्रतिबंध पारित करने में विफल ईयू

**» ब्रसेल्स, भाषा।**

**यूरोपीय संघ (ईयू) सोमवार को आयोजित एक बैठक में हंगरी की अप्रत्याशित आपत्तियों के कारण रूस के खिलाफ नए प्रतिबंध पारित करने में विफल रहा। ईयू की विदेश नीति से जुड़े मामलों की प्रमुख काजा कलास ने यह जानकारी दी। कलास ने कहा, दुर्भाग्यवश हम 20वें प्रतिबंध पैकेज पर किसी समझौते पर नहीं पहुंच सके। यह एक झटका है। यह एक ऐसा संदेश है, जो हम आज नहीं देना चाहते थे। यूरोपीय राजनयिक रूस-यूक्रेन युद्ध के चार साल पूरे होने से पहले मॉस्को के खिलाफ नए प्रतिबंध को अंतिम रूप देने और कीव के लिए बड़े पैमाने पर ऋण स्वीकृत करने के लिए ब्रसेल्स में एकजुट हुए थे।**

हालांकि, वे हंगरी को यूक्रेन के खिलाफ युद्ध छेड़ने के लिए रूस पर और कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाने तथा कीव की मदद के लिए ईयू के हालिया प्रयासों का समर्थन करने के वास्ते नहीं राजी कर सके। हंगरी को ईयू में रूस के प्रति सबसे ज्यादा झुकाव रखने वाला सदस्य देश माना जाता है। उसने रूस के खिलाफ प्रतिबंधों के साथ-साथ यूक्रेन को अगले दो साल तक उसकी सैन्य एवं आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए दिए जाने वाले 106 अरब अमेरिकी डॉलर के ऋण को बाधित करने की धमकी दी। हंगरी ने स्पष्ट किया कि वह तब तक अपने रुख पर कायम रहेगा, जब तक हंगरी को रूसी तेल की आपूर्ति फिर से शुरू नहीं हो जाती। हंगरी और स्लोवाकिया को रूस से कच्चे तेल की आपूर्ति 27 जनवरी से बाधित है। यूक्रेनी अधिकारियों का कहना है कि रूस के ड्रोन हमलों में द्रुझबा पाइपलाइन के क्षतिग्रस्त होने के कारण हंगरी और स्लोवाकिया को रूसी तेल की आपूर्ति ठप पड़ गई है। जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने सोमवार को बर्लिन में यूक्रेन के समर्थन में आयोजित एक कार्यक्रम में (रूस-यूक्रेन) युद्ध के चार वर्षों को भयावह वर्ष करार दिया। उन्होंने कहा, मैं अपने यूरोपीय साझेदारों से एक बार फिर अपील करता हूं- यूक्रेन के लिए अपना समर्थन, हमारा साझा समर्थन, जारी रखें। हम एक ऐसे मोड़ पर खड़े हैं, जिसपर हमारे पूरे महाद्वीप की भलाई टिकी हुई है। पेरिस में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि 'यूक्रेन को समर्थन देना जारी रखने का हमारा संकल्प अटूट है।



## पेरिस में अमेरिका के राजदूत को फ्रांसीसी समन का जवाब देना होगा: विदेश मंत्री

**पेरिस, भाषा।** फ्रांस के विदेश मंत्री ने मंगलवार को कहा कि पेरिस में तैनात शीर्ष अमेरिकी राजनयिक को फ्रांसीसी समन की अवहेलना के लिए स्पष्टीकरण देना होगा, जिसके बाद पिछले कुछ दिनों से जारी विवाद ने एक नया मोड़ ले लिया। मंत्री ने संकेत दिया कि जब तक राजदूत चार्ल्स कुशनर बात नहीं मानते, तब तक उन्हें फ्रांस के सरकारी अधिकारियों से मिलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। फ्रांसीसी अधिकारियों ने सोमवार शाम को कुशनर को मुलाकात के लिए बुलाया था। कुशनर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद और सलाहकार जेयर्ड कुशनर के पिता हैं। अमेरिकी राजदूत को ट्रंप प्रशासन की उन टिप्पणियों के संबंध में बुलाया गया था, जिन पर फ्रांस ने आपत्ति जताई थी। फ्रांसीसी राजनयिकों ने बताया कि कुशनर बैठक में उपस्थित नहीं हुए। फ्रांस के विदेश मंत्री ज्यां-नोइल बैरो ने मंगलवार को बैठक में शामिल न होने को एक हैरानी भरा कदम बताया, जो राजनयिक प्रोटोकॉल का उल्लंघन है और इससे राजदूत के रूप में कुशनर की कार्य क्षमता पर असर पड़ेगा।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्वाधिकारी आरपी न्यूज नेटवर्क प्राईवेट लिमिटेड के लिये श्रीराम ऑफसेट, 14, शॉपिंग सेंटर, ज़ोरावरसिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय: 4312, मोहल्ला नायकान, नाहरवाड़ा, जगन्नाथ शाह का रास्ता, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। पीआरबी एक्ट के अनुसार खबरों के चयन के लिए उत्तरदायित्व संपादक मुन्ना खान मोबाइल नंबर 9772552446, 8058969180 ई-मेल: rpnewsnetworkpvt.ltd@gmail.com